जबलपुर
शनिवार 25 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष –08
वर्ष : 20, अंक : 354
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 39
न्यून.22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अरविंद केजरीवाल

## आप ने भाजपा पर लगाया 'ऑपरेशन लोटस' का आरोप


राजिंदर गुप्ता


संदीप पाठक


हरभजन सिंह


विक्रम सहनी


स्वाति मालीवाल


अशोक मित्तल

*आम आदमी पार्टी को फिर बड़ा झटका...आप के 10 में से 7 सांसद भाजपा में जाएंगे*

# अच्छा, तो 'हम भी' चलते हैं


राघव चड्ढा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने शुक्रवार के आप के राज्यसभा संसदीय दल का भाजपा में विलय का ऐलान कर दिया है। चड्ढा ने शुक्रवार को राजधानी नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह दो-तिहाई सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चड्ढा ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। मीडिया को चड्ढा ने बताया कि संदीप पाठक और अशोक मित्तल के अलावा हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, विक्रम सहनी और राजिंदर गुप्ता भी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। राघव ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा कि संविधान के प्रावधानों के तहत यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई से अधिक राज्यसभा सांसद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। कुल सात सांसदों ने इस विलय संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।

### राज्यसभा में भाजपा को मिलेगा बूस्ट

आप के 7 सांसदों के आने से उच्च सदन में भाजपा की स्थिति और अधिक मजबूत हो जाएगी, जिससे सरकार को महत्वपूर्ण विधेयक पास कराने में आसानी होगी। इस बड़ी टूट से आप के भीतर आंतरिक कलह उजागर हुई है, जिससे पार्टी की छवि और संगठनात्मक मजबूती को नुकसान होगा, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिल सकता है। यह विपक्ष (इंडिया ब्लॉक) को भी झटका माना जा रहा है।

- राघव चड्ढा के साथ अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया ऐलान, तीनों को नितिन नवीन ने मिठाई खिलाई, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम सहनी ने भी छोड़ी आप
- राघव ने कहा-आम आदमी पार्टी अपने उन आदर्शों और बुनियादी मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है, जिनके लिए इसे बनाया गया था। मैं आम आदमी पार्टी से दूर जा रहा हूं और जनता की ओर बढ़ रहा हूं
- अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह व भगवंत मान ने कहा कि पंजाब की जनता इन 'गद्दारों' को कभी माफ नहीं करेगी, यह जनता के लिए बड़ा धक्का है
- 10 में से 7 सांसदों का मतलब है दो तिहाई सांसद। यानी, किसी की भी दलबदल कानून में सांसदी नहीं जाएगी। यानी, राज्यसभा के संसदीय दल का भाजपा में विलय
- इससे पहले पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास और आशुतोष जैसे कद्दावर नेता समय-समय पर पार्टी से अलग हो चुके हैं







**सूरज की भट्टी : खजुराहो रहा प्रदेश में सबसे गर्म, 43.9 डिग्री पहुंचा पारा**

# रेगिस्तान की गर्म हवाओं से 11 जिलों में लू खजुराहो में दिन व भोपाल में रात सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेगिस्तान की गर्म हवाओं ने प्रदेश के अधिकतर जिलों में दिन और रात के तापमान में इजाफा कर दिया है। शुक्रवार को दिन में भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम और सागर संभाग के जिलों में लू के हालात रहे, जबकि भोपाल में रात सबसे गर्म रही, यहां 26 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार को दिन का तापमान 41.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने शनिवार को रायसेन, नर्मदापुरम, नीमच, धार, मुरैना, भिंड, दतिया, रीवा और सतना में लू का अलर्ट जारी किया है। इधर, अगले दो दिन में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है, जिससे एक दर्जन शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस से पार हो सकता है। शुक्रवार को निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सिवनी, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर में लू का असर रहा, जिससे इन शहरों में दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। यहां पर रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे लोगों को रात एसी और कूलर की ठंडी हवाओं में गुजारना पड़ी।

*गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने बचाव की एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि लोग दिनभर पर्याप्त पानी पीएं और शरीर को हाइड्रेट रखें*

**भोपाल जबलपुर उज्जैन नर्मदापुरम और सागर में लू के हालात**


बड़े तालाब के ऊपर गर्मी से लड़ते पक्षी

- *एक दर्जन शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस से हो सकता है पार*
- *आने वाले दो दिनों के बाद दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी*

### अप्रैल के आखिर में बारिश के आसार

मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या सुरेंद्रन का कहना है कि आने वाले दो दिनों के बाद दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ अप्रैल के आखिरी दिनों में बारिश के भी आसार हैं। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोव की वजह से 27 अप्रैल को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, सिवनी बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

### भोपाल व नर्मदापुरम की रात तपी

गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात में भोपाल और नर्मदापुरम में सबसे अधिक तापमान रहा। भोपाल में रात में सबसे ज्यादा 26 डिग्री और नर्मदापुरम में 25.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गर्मी बढ़ने की वजह से कई शहरों में रात का तापमान 24 से 25 डिग्री के आसपास चल रहा है।

**73 राज्यसभा सांसदों ने किए दस्तखत**

## सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ फिर महाभियोग प्रस्ताव की तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- *सीईसी के खिलाफ 9 विशिष्ट आरोप*
- *मार्च में मात खा गया था विपक्ष*
- *लक्ष्य 200 सांसदों का समर्थन हासिल करना*

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष ने राज्यसभा में महाभियोग चलाने के लिए एक नया नोटिस जमा किया है। मार्च में मात खाने के बाद, अप्रैल के इस नई कोशिश में अब तक राज्यसभा के 73 सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। विपक्ष इस बार पहले से ज्यादा आक्रामक नजर आ रहा है और उसका टारगेट 200 से ज्यादा सांसदों का समर्थन हासिल करना है। इससे पहले 12 मार्च को भी 193 सांसदों के हस्ताक्षर वाला एक प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों में लाया गया था, जिसमें ज्ञानेश कुमार पर पद की मर्यादा के प्रतिकूल आचरण और पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए गए थे। हालांकि, उस वक्त लोकसभा अध्यक्ष ने तकनीकी आधार पर प्रस्ताव को खारिज कर दिया था।


ज्ञानेश कुमार

### संवैधानिक प्रावधान और प्रक्रिया

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर ही राष्ट्रपति के आदेश से हटाया जा सकता है। इसके लिए संसद के दोनों सदनों, यानी लोकसभा और राज्यसभा, द्वारा एक ही सत्र में उस प्रस्ताव का समर्थन करना आवश्यक है।

### खबर संक्षेप

#### प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र की होगी जांच

**जबलपुर।** सतना के रैगांव सीट से विधायक प्रतिमा बागरी को लेकर हाईकोर्ट ने प्रदेश स्तरीय हाई लेवल कास्ट स्क्रूटनी कमेटी को निर्देशित किया है कि वह 60 दिनों के अंदर जाति प्रमाण-पत्र की जांच करते हुए आदेश पारित करे। चुनाव लड़ने के लिए उनकी तरफ से एससी वर्ग के होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया गया था। याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया था कि बागरी अनुसूचित जाति में नहीं आती हैं। उन्होंने गलत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया था। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार (इटारसी) की तरफ से याचिका दायर की गई थी।




#### गैस लीकेज से सिलेंडर में धमाका, एक की मौत

**ब्यावरा।** शहर के शिवधाम कॉलोनी में शुक्रवार सुबह गैस लीकेज से हुए धमाके में एक रिटायर्ड इंजीनियर की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गईं जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।



**जानवरों की चर्बी से बनाया घी**

## 3,350 लीटर घी बरामद पशु अवशेष भी जब्त हुए


संचालक अनवर कुरैशी दबोचा गया

**खंडवा।** इमलीपुरा स्थित बेगम पार्क के पास जिला प्रशासन की छापामार कार्रवाई में भारी मात्रा में चर्बी युक्त घी और पशुओं के अवशेष जब्त किए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर, तहसीलदार महेश सोलंकी, नगर निगम उपायुक्त सचिन सिटोले और पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी। छापे के दौरान परिसर में बोरियों में भरी जानवरों की खाल और हड्डियां, साथ ही ड्रमों व कनस्तरों में चर्बी युक्त घी बरामद हुआ।

**सीएमएचओ की बड़ी कार्रवाई**

## बिना रिन्यू चल रहे थे 16 नर्सिंग होम, लाइसेंस रद्द


नोटिस का जवाब नहीं दिया था

**ग्वालियर।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के 16 निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों के पंजीयन (लाइसेंस) निरस्त कर दिए हैं। यह कार्रवाई मप्र उपचर्यागृह तथा रुग्णोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंसिंग) अधिनियम 1993 और नियम 1997 (संशोधित 2008 एवं 2021) के तहत की गई है।

**इंदौर में दो बच्चों का हुआ था अपहरण**

## पुलिस ने सात घंटे में दोनों बच्चों को बरामद किया, 4 हिरासत में


15 लाख की मांगी थी फिरौती

**इंदौर।** शहर में दो मासूम बच्चों के अपहरण के मामले को पुलिस ने महज सात घंटे के भीतर सुलझा लिया। पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया और इस मामले में चार किडनैपर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पति-पत्नी और एक भाई-बहन शामिल हैं। नैतिक सोनकर (9) और सम्राट (11) गुरुवार शाम करीब 7 बजे तिरुपति गार्डन क्षेत्र से अचानक लापता हो गए थे।

**पीएम मोदी ने हुगली नदी पर किया नौका विहार**

## सभी से मिलजुलकर खुशी के साथ रहने का दिया संदेश


फोटो भी साझा किया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भी पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अपने दिन की शुरुआत कोलकाता में हुगली नदी में नाव की सवारी से की। इस दौरान उन्होंने नाविकों से बातचीत की। हुगली जिले के नाविक गौरांगो बिस्वास ने कहा कि पीएम मोदी अचानक आए, नाव किराए पर ली और सैर के लिए चले गए। बिस्वास ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी सुबह करीब 7 बजे पहुंचे।




# वर्दी को सैल्यूट : मध्यप्रदेश पुलिस की संवेदनशीलता के दो अनूठे उदाहरण

उज्जैन में घरेलू कलह से परेशान दंपती फंदे पर झूला

## वाट्सएप स्टेटस पर देख पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बचाई जान

दोनों को अस्पताल को पहुंचाया अब दोनों सुरक्षित


1

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

पारिवारिक कलह के चलते गुरुवार रात पति-पत्नी वाट्सएप स्टेटस लगाकर फंदे पर झूल गए। सूचना मिलते ही घट्टिया पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी और दोनों को फंदे से उतार लिया। पुलिस टीम ने समय रहते दोनों की जान बचा ली। नजरपुर निवासी पति-पत्नी लंबे समय से पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक तनाव में थे। आत्महत्या से पहले पति ने वाट्सएप स्टेटस में परिवार से परेशान होने की बात लिखी थी, जिसमें मां-बाप समेत 12 लोगों के नाम थे। स्टेटस की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी करण खोवाल ने तुरंत पुलिस टीम को रवाना किया। नजरपुर स्थित घर पहुंचने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से देखा गया कि पति-पत्नी फांसी के फंदे पर झूल रहे थे। थाना प्रभारी ने बाहर से बातचीत कर दोनों का ध्यान भटकाया और टीम को दूसरे रास्ते से अंदर जाने का इशारा किया।

बंगाल मतदान में पीठासीन अधिकारी को आया हार्ट अटैक

## मप्र एसएएफ जवानों ने सीपीआर देकर बचाई जान, डीजीपी ने किया सम्मानित

मध्यप्रदेश एसएएफ की द्वितीय वाहिनी के जवान थे


2

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में विधानसभा चुनाव के मतदान के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मतदान केंद्र पर तैनात पीठासीन अधिकारी को अचानक दिल का दौरा पड़ गया, लेकिन मौके पर मौजूद मध्यप्रदेश स्पेशल आर्म्ड फोर्स (एसएएफ) के जवानों की सतर्कता और सूझबूझ से उनकी जान बच गई। पश्चिम वर्धमान जिले के दुर्गापुर स्थित प्रणबानंद विद्यानगर मतदान केंद्र पर गुरुवार को मतदान जारी था। इसी दौरान पीठासीन अधिकारी अरूप सान्याल को अचानक घबराहट हुई और वे जमीन पर गिर पड़े। स्थिति गंभीर होती देख वहां सुरक्षा में तैनात मप्र एसएएफ की द्वितीय वाहिनी के जवान तुरंत हरकत में आए। एएसआई वासुदेव सिंह, आरक्षक दीपक यादव, बृजेश कुमार और संदीप कुमार ने बिना देर किए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया।




बंगाल के दमदम में विशाल जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# भाजपा की सरकार बनने के बाद हर पुरानी फाइल खुलेगी और बेटियों महिलाओं के साथ होगा न्याय व दोषियों को मिलेगी कड़ी से कड़ी सजा

बंगाल में दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। बंगाल के 16 जिलों में मतदान से 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा के 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 167 महिलाओं सहित 1,478 उम्मीदवारों के चुनावी किस्मत का फैसला होगा

## प्रधानमंत्री ने बहनों की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया


रैली के दौरान प्रधानमंत्री अभिवादन करते हुए

एजेंसी ▶▶ दमदम

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दमदम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और राजनीतिक बदलाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान उनके मंच पर आरजीकर प्रकरण में पीड़िता की मां और पनिहाटी से भाजपा उम्मीदवार रत्न देबनाथ भी मौजूद रहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हर पुरानी फाइल खुलेगी और न्याय होगा। उन्होंने कहा कि वह बंगाल की हर बेटी को भरोसा दिलाने आए हैं कि भाजपा उनके सपनों को टूटने नहीं देगी। उन्होंने बताया कि सभा स्थल पर पहुंचने के दौरान एक बहन ने उन्हें राखी भेंट की, जिसके बाद उन्होंने बहनों की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

**भाजपा सरकार में हर गुनाह का होगा हिसाब**

प्रधानमंत्री ने कहा हम यहां हर बेटी को भरोसा देने आए, आपका सम्मान होगा


प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच पर प्रमुख नेतागण

### टीएमसी का 'दीया' अब बुझने के कगार पर

प्रधानमंत्री ने टीएमसी और विपक्ष पर पलटवार करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कई वादे भी किए। लंबे समय से बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, उस पर पहले चरण के मतदान ने मुहर लगा दी है। भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है। अब दूसरे चरण में आपको इस लोकतंत्र के मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है। पीएम ने कहा कि अब टीएमसी बहुत बुरी तरह बौखला गई है। ये मत भूलना कि हर बुझता हुआ दीपक थोड़ा फड़फड़ाता है, वैसे ही टीएमसी का दीया भी बुझने से पहले थोड़ा फड़फड़ा रहा है।

जादवपुर में किया वादा

### आपका तप बेकार नहीं जाएगा, ब्याज समेत लौटाऊंगा

प्रधानमंत्री ने जादवपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि बंगाल का हर व्यक्ति भाजपा की सरकार के लिए समर्थन दे रहा है। पीएम मोदी ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर भी तीखा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि जो लोग धूप में तप कर रहे हैं, मैं उनका तप बेकार नहीं जाने दूंगा। इस क्षेत्र का विकास करके मैं आपके इस तप को ब्याज समेत लौटाऊंगा।

### टीएमसी ने 15 वर्षों में केवल लूट की

पीएम मोदी ने कहा कि 15 सालों में टीएमसी ने केवल लूटने का काम किया है। ऐसा कोई काम नहीं, जहां टीएमसी का करप्शन नहीं। जनता कह रही भर्ती, चिटफंड, कोयला खनन, बालू खनन घोटाला, गरीबों के राशन की लूट, तस्करों को छूट और कट मनी व कमीशन नहीं चलेगा।

पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद बोले

### अब गो-तस्करी नहीं हो पाएगी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल में पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद भाजपा 152 में से 110 से ज्यादा सीटें जीत रही है। इस बार पश्चिम बंगाल में परिवर्तन के लिए वोट डाला गया है। मतदाताओं ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भाजपा की सरकार बनते ही यहां गोतस्करी नहीं हो पाएगी।

सीएम ममता का भाजपा पर हमला

### मुझे सत्ता नहीं, दिल्ली में भाजपा का विनाश चाहिए



बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर हमला किया। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म बंगाल में हुआ है और मैं बंगाल में ही मरूंगी। भाजपा के लिए काम करने वाले सभी लोगों के नाम सूचीबद्ध हैं। मुझे सत्ता नहीं चाहिए, दिल्ली में भाजपा का विनाश चाहिए।

**'वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, मैं भेलपुरी खिलाऊंगी**

ममता ने बौबाजार में कहा कि वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको भेलपुरी खिलाऊंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि झारग्राम में प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खाने का कार्यक्रम पहले से तैयार किया गया था।

केरल में नतीजों से पहले कांग्रेस में घमासान

### सीएम के चेहरे की लड़ाई से यूडीएफ मुश्किल में



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नतीजों से पहले सियासी माहौल गरम है, लेकिन इस बार मुकाबला कांग्रेस के भीतर भी है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ में मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नेतृत्व को लेकर उठी बहस ने माहौल असहज कर दिया है।

बंगाल में 92% मतदान पर सीजेआई ने जताई खुशी

### वोट कटने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार



सुप्रीम कोर्ट ने उन याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिनमें बंगाल चुनावों के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात कुछ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कथित तौर पर हटाए जाने के मामले में कोर्ट के दखल की मांग की गई थी। सीजेआई ने बंगाल के पहले चरण में 92 प्रतिशत से अधिक मतदान पर खुशी व्यक्त की है।

## खबर संक्षेप

### 12 साल पुराने मामले में सोमनाथ बरी



**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सोमनाथ भारती और 16 अन्य को 2014 में अफ्रीकी महिलाओं के साथ मारपीट मामले में बरी कर दिया है। यह फैसला अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने सुनाया। गवाही देने के लिए वे पेश नहीं हुईं।

### राजस्थान विधानसभा को बम से उड़ा देंगे



**जयपुर।** शुक्रवार को विधानसभा में आत्मघाती हमले की चेतावनी वाला एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, हालांकि एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। यह 2सप्ताह से कम समय में दूसरी धमकी बताई गई है।

### भंडारा में कार-ट्रक की भिड़ंत में 5 की मौत



**भंडारा।** शादी समारोह से घर लौटते समय मारुति ओमनी और ट्रक की जोरदार टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा गुरुवार रात महाराष्ट्र के भंडारा जिले में हुआ। मृतकों में दूल्हे के चाचा-चाची भी शामिल हैं। हादसा पावनी तहसील के अड्याल गांव के पास हुआ।

### पासपोर्ट विवादः खेड़ा की अग्रिम जमानत खारिज



**गुवाहाटी।** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के संबंध में दाखिल की गई थी। आरोपों के आधार पर गिरफ्तारी से बचाव को अग्रिम जमानत की मांग की थी।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी जानकारी

# व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति 70 फीसदी तक बहाल और छोटे सिलेंडरों की मांग बढ़ी

1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है। इसके साथ ही पांच किलो के सिलेंडरों की बिक्री भी सुचारू 1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है। इसके साथ ही पांच किलो के सिलेंडरों की बिक्री भी सुचारू 1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है



**गुरुवार तक बेचे गए 5 किलो के 81 हजार सिलेंडर**

यूरिया उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति 95% तक बहाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और अप्रैल में अब तक 1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है। इसके साथ ही पांच किलो के सिलेंडरों की बिक्री भी सुचारू रूप से जारी है। गुरुवार को ही 81000 से अधिक पांच किलो के सिलिंडर बिके। वहीं, यूरिया की आपूर्ति बहाल करने और संकट निवारण योजना पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता ने बताया कि यूरिया उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति 95 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है।

■ अप्रैल में अब तक 1.47 लाख टन एलपीजी बेची

### सरकार के प्रयास- न हो किसी तरह की परेशानी



एलपीजी की मांग और आपूर्ति पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव शर्मा ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, मांग के अनुसार प्रबंधन के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए गए हैं। बुकिंग को कुछ हद तक सुव्यवस्थित किया गया है। परिणामस्वरूप, पेट्रोल और डीजल की घरेलू आपूर्ति बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चल रही है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति भी बिना किसी बाधा के हो रही है।

**मांग और आपूर्ति को प्रबंधित किया**

संकट शुरू होने के बाद से ही मंत्रालय और सरकार ने मांग और आपूर्ति को सक्रिय रूप से प्रबंधित किया है। उपायों में घरेलू रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाना, कच्चे तेल और एलपीजी की कार्गो सुरक्षित करना और घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए विशेष निर्यात शुल्क लगाना शामिल है। इन कदमों से घरेलू बाजार में कोई कमी नहीं हुई है।

### कोयला और केरोसिन जैसे ईंधनों की आपूर्ति बढ़ाई

वाणिज्यिक क्षेत्र में अभी भी कुछ समस्याएं हैं, लेकिन सरकार ने धीरे-धीरे वहां आपूर्ति बढ़ाकर लगभग 70फीसदी कर दी है। उद्योगों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए कोयला और केरोसिन जैसे अतिरिक्त ईंधनों की आपूर्ति बढ़ाई जा रही है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन (सीएनजी) के लिए 100फीसदी है और ग्रिड पर औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग 80 फीसदी है। सरकार ने हर स्तर पर जनता को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए कदम उठाए हैं।

दिक्कत के बीच तेजी से बढ़े पीएनजी ग्राहक

### 5 लाख जुड़े और लाखों लोग अभी कतार में



सुजाता के अनुसार मार्च 2026 से अब तक कुल 5.10 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों को गैसयुक्त किया जा चुका है। इसके अलावा, करीब 5.77 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि बुनियादी ढांचे के विस्तार पर भी युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। अब तक 7.66 लाख नए पीएनजी कनेक्शनों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है, जिनमें से 2.56 लाख नए कनेक्शन जल्द ही गैस से जोड़ दिए जाएंगे। खास बात यह है कि उपभोक्ता अब पुराने विकल्प को छोड़ने के लिए भी तैयार हैं। आंकड़ों के मुताबिक 19 अप्रैल 2026 तक लगभग 39,400 उपभोक्ताओं ने वेबसाइट के माध्यम से अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं।

सबरीमाला केसः महिलाओं की एंट्री

# मस्जिद में गर्भगृह नहीं, घर में नमाज पढ़ेंगी तो होगा बेहतर

## मुस्लिम बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में कहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड' ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि इस्लाम महिलाओं को नमाज के लिए मस्जिद आने से प्रतिबंधित नहीं करता है, लेकिन उनका घर पर ही रहना उचित है। एआईएमपीएलबी से सीनियर एडवोकेट एमआर शमशाद ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान बेंच को बताया कि कुछ अनुशासन के अधीन महिलाओं को मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति है? उ महिलाओं को मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने यह दलील दी कि मस्जिद में कोई गर्भ गृह नहीं होता।

### धार्मिक प्रथाओं की प्रकृति का निर्धारण करने का प्रयास न करें

कोर्ट को धार्मिक प्रथाओं की प्रकृति का न्यायिक निर्धारण करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधानके अनुसार धार्मिक प्रथा या धार्मिक प्रथाओं के मूल तत्व की व्याख्या करने का कार्य धर्म या धार्मिक संप्रदायों के विद्वानों और/या उस विशेष धर्म के विद्वानों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। इस्लाम के शुरुआती 400 वर्षों में इस्लाम में आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को भी इज्मा (उलेमाओं की आम सहमति) के माध्यम से घोषित किया गया था। इसका प्रयोग उन मामलों में किया जाता था जहां कुरान में कुछ अस्पष्ट संकेत दिए गए होंऔर विभिन्न वर्गों के बीच गंभीर मतभेदों को सुलझाने के लिए किया जाता था।

### महिलाओं के लिए मस्जिद में सामूहिक नमाज अनिवार्य नहींः नागरत्ना



शमशाद ने बताया कि यह बेहतर होगा कि महिलाएं घर पर ही नमाज अदा करें और उन्हें मस्जिद में नमाज अदा करने वाले पुरुषों के समान ही पुण्य प्राप्त होंगे। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि इसका कारण यह है कि अगर घर के सभी सदस्य मस्जिद चले जाएंगे, तो बच्चों की देखभाल कौन करेगा?जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस्लाम में महिलाओं के लिए मस्जिद में सामूहिक नमाज में शामिल होना अनिवार्य नहीं है। शमशाद ने कहा कि कुरान में पैगंबर का अनुसरण करने का आह्वान किया गया है।

चौहान ने कृषि सम्मेलन का किया शुभारंभ

## कृषि का रोडमैप बनाकर करें कार्य तिलहन-दलहन से स्वरूप बदलेगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सेन्ट्रम होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारंभ किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक राज्य कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें। इसके अलावा नकली खाद व नकली पेस्टीसाइड के खिलाफ प्रभावी अभियान लेकर राज्य कठोर कार्रवाई कराएं। शिवराज ने कहा कि कृषि के मामले में हमारे तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहला देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना। दूसरा किसान की आय बढ़ाना और तीसरा पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना। इसके साथ ही शिवराज ने देशभर के किसानों से अपील भी की और कहा कि दलहन, तिलहन के साथ ही प्रकृतिक खेती से कृषि का स्वरूप बदलेगा।

प्रशांत से शुरू हुआ 'आप' को छोड़ने का सिलसिला और अब...

# विश्वास से राघव तक, कई 'आप' नेता होते गए जुदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया। सबसे पहले प्रशांत भूषण बड़े नेताओं में से एक थे लेकिन उन्होंने भी पार्टी के कामकाज के तरीके पर सवाल उठाए थे और कहा था कि पार्टी एक व्यक्ति केंद्रित है। पार्टी में स्वराज नहीं है। पार्टी फंड की जांच के लिए एथिक्स कमेटी की मांग भी की थी।

**शांति भूषण ने दिया था एक करोड़ का चंदा**

## सबसे पहले भूषण ने ही पार्टी के कामकाज पर उठाए थे सवाल

### इन साथियों ने पहले ही कर लिया था किनारा



**शाजिया इल्मीः** शाजिया इल्मी ने आप में आंतरिक लोकतंत्र की कमी का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।



**योगेंद्र यादवः** योगेंद्र यादव का कहना था जनता ने अन्य राजनीतिक पार्टियों की तुलना में आप में एक विकल्प देखा। पार्टी का कार्य बदलता गया।



**कुमार विश्वासः** कुमार विश्वास की एंट्री खास योजना के तहत राजनीति में नहीं आए थे। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी में गलत कामों का विरोध करता था।



**कपिल मिश्राः** कपिल मिश्रा ने केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री के घर पर केजरीवाल को मंत्री सत्येंद्र जैन से 2 करोड़ रुपए लेते देखा था। 400 रुपए के पानी टैंकर घोटाले किए गए।



**स्वाति मालीवालः** आपकी राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की शिकायत पर केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। बिभव ने उनके साथ मारपीट की।

### मतभेद, कार्यशैली और गिरते विश्वास से केजरीवाल से बढ़ी दूरियां

अरविंद केजरीवाल और आप के नेताओं, विशेषकर राघव चड्ढा जैसे वरिष्ठों की दूरी का मुख्य कारण वैचारिक मतभेद, पार्टी की कार्यशैली पर सवाल और गिरता विश्वास है। राघव चड्ढा का पार्टी की गतिविधियों से दूरी बनाना, शराब घोटाले की जांच के दौरान चुप्पी और पार्टी लाइन से हटकर अलग राह तलाशना मुख्य वजहें रही हैं।

## शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना बढ़ी

# ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने पाक विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से फोन पर की बात, डेलीगेशन संग इस्लामाबाद पहुंच रहे

ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचने वाला है जिसके बाद अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना जताई जा रही है। वार्ता को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचने वाला है जिसके बाद अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना जताई जा रही है। वार्ता को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पाकिस्तानी सूत्रों ने बताया है कि ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल के इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की भी उम्मीद जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक छोटे वार्ता दल के साथ इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि अमेरिका की एक लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा टीम पहले से ही राजधानी इस्लामाबाद में मौजूद है। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ उन क्षेत्रीय चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। अराघची ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से भी फोन पर संपर्क साधा।

### अमेरिका की लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा टीम पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद

### अमेरिका का भी सकारात्मक संकेत इस्लामाबाद में सुरक्षा कड़ी कर दी गई



पहली वार्ता में इस्लामाबाद पहुंचा था ईरानी प्रतिनिधिमंडल फाइल फोटो

**जापान का बड़ा कदम**

## 1 मई से 20 दिन तक अतिरिक्त तेल करेगा जारी



जापान सरकार ने घोषणा की है कि वह 1 मई से लगभग 20 दिनों तक अपने अतिरिक्त तेल भंडार को जारी करेगी। जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, दूसरी बार छोड़ने से 5.8 मिलियन किलोलीटर तेल निकलेगा, जिसकी कीमत 540 बिलियन येन (यूएसडी 3.4 बिलियन) है। 23 अप्रैल को जापान की पीएम नाए ताकाइची ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद से फोन पर बात की और ईरान के हमलों से हुए जान-माल के नुकसान पर सऊदी अरब के साथ हमदर्दी जताई।

## इजराइली हमले में 33 की मौत

इजराइली बलों ने लेबनान में बीते 24 घंटों में कम से कम 33 लोगों को मार गिराया, जिनमें एक 15 वर्षीय लड़का भी शामिल है। इजराइली चिकित्सकों के मुताबिक, लेबनान से दागे गए रॉकेट हमले में उत्तरी इजराइल में एक व्यक्ति की मौत हुई और दो अन्य घायल हुए। इजराइल ने कहा कि उसने लेबनान में उस मिसाइल लॉन्चर को निशाना बनाकर हमला किया है, जिसने गुरुवार को इजराइल की ओर मिसाइल दागी थी।

**ईरान युद्ध में अमेरिका को बड़ा झटका**

## हर दिन युद्ध में फूंके 94 अरब रुपए

ईरान से जारी युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। दो स्वतंत्र समूहों का कहना है कि इस युद्ध पर अब तक करीब



28 अरब डॉलर से लेकर 35 अरब डॉलर के बीच खर्च हो चुके हैं। अमेरिका ने इस युद्ध पर हर दिन करीब 1 अरब डॉलर से कुछ कम खर्च किया है। यानी की अमेरिका ने युद्ध में हर दिन 94 अरब रुपए फूंक दिए। शुरुआती दो दिनों में ही सेना ने 5.6 अरब डॉलर के गोला-बारूद का इस्तेमाल कर दिया था।

**11 लाख डॉलर की मिसाइल का किया इस्तेमाल**

*अमेरिकी सेना ने अपनी लगभग 1,100 'जॉइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ मिसाइल-एक्सटेंडेड रेंज' दाग दी हैं, जो कि अमेरिका के पास मौजूद कुल 1,500 मिसाइलों के जखीरे के बराबर हैं। इसकी एक मिसाइल की कीमत करीब 11 लाख डॉलर है।*

**ईरान का फिर ट्रंप पर तंज**

## कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना

ट्रंप ने एक पोस्ट साझा किया था जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक जैसे देश कहा गया था। इस बयान के बाद भारत के मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया और कहा कि ट्रंप को यहां की यात्रा सांस्कृतिक डिटॉक्स की तरह करनी चाहिए। पोस्ट में लिखा गया कि शायद किसी को ट्रंप के लिए एक वन-वे कल्चरल डिटॉक्स बुक कर देना चाहिए, जिससे उनका बिना मतलब का बयानबाजी कम हो सके। साथ ही लिखा गया कि कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना।

**ट्रंप ने फिर दिखाए तेवर, कहा**

## ईरान के साथ समझौता तभी, जब वह अमेरिका के लिए उचित हो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता तभी होगा, जब वह अमेरिका के लिए 'उचित और लाभकारी' होगा। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका के पास समय की कोई कमी नहीं है। लेकिन ईरान के पास कम समय है और समय तेजी से खत्म हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि युद्ध में अमेरिका को बढ़त मिली है और ईरान को भारी नुकसान हुआ है।

## अमेरिकी नौसेना का तीसरा युद्धपोत खाड़ी पहुंचा

अमेरिकी सेना का यूएसएस जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश विमानवाहक पोत पश्चिम एशियाई क्षेत्र में पहुंच गया है। इसके साथ ही इस इलाके में तैनात अमेरिकी विशाल युद्धपोतों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि यह कैरियर 23 अप्रैल को हिंद महासागर में उसके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में संचालित हो रहा था। पोस्ट के साथ साझा की गई तस्वीर में एयरक्राफ्ट कैरियर के डेक पर बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान तैनात दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी सेना के अनुसार यूएसएस जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश विमानवाहक पोत पश्चिम एशिया पहुंच गया है, जिससे इस क्षेत्र में अमेरिकी युद्धपोतों की संख्या तीन हो गई है।

## ईरान के नेतृत्व में विभाजन नहीं देशवासी एकजुटः पेजेशकियन




ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि देश के नेतृत्व में किसी भी तरह का विभाजन नहीं है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को खारिज किया, जिनमें आंतरिक मतभेद की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि सभी ईरानी 'एकजुट' और 'क्रांतिकारी' हैं और पूरी तरह से सर्वोच्च नेता के प्रति निष्ठावान हैं। पेजेशकियन ने कहा कि देश किसी भी बाहरी आक्रमण का मिलकर सामना करेगा।

## ईरान के पास अच्छी डील का मौकाः हेगसेथ

*अराघची के इस्लामाबाद पहुंचने की अटकलों के बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान के पास अमेरिका से अच्छी डील करने की मौका है। एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने यह बात कही। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान के पास बातचीत की मेज पर समझदारी से फैसला लेने का खुला मौका है।*

**खबर संक्षेप**

### सेना प्रमुख द्विवेदी 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल



**वॉशिंगटन।** भारत के थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के 'इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाले जनरल वीके सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं।

### 40 साल से भारत में रह रहा पाकिस्तानी अरेस्ट



**बुलंदशहर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह शख्स पिछले करीब 40 साल से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। आरोपी की पहचान सैय्यद वासिद अली के रूप में हुई है। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करा रखे थे।

**संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दोहराया**

## सुरक्षा परिषद के ढांचे में तत्काल सुधार जरूरी, यह समय की मांग




एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर दुनिया के विकासशील देशों का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के ढांचे में व्यापक सुधार की पुरजोर वकालत की है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठकों के दौरान भारत ने कहा कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में विकासशील देशों को उचित प्रतिनिधित्व मिलना अनिवार्य है।

सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि सुरक्षा परिषद का वर्तमान स्वरूप आज की वास्तविकताओं से कोसों दूर है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के विस्तार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मांग की कि स्थायी सदस्यता की श्रेणी में विकासशील देशों और विशेषकर अफ्रीकी देशों को स्थान दिया जाए।

### यूएन अध्यक्ष अगले हफ्ते आएंगी भारत



संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगी। यह जानकारी उनकी प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स ने दी। प्रवक्ताने बताया कि भारत सरकार के निमंत्रण पर अपनी इस यात्रा के दौरान, बेयरबॉक भारतीय अधिकारियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वह भारत में संयुक्त राष्ट्र की टीम से भी मिलेंगी, जिसका नेतृत्व रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफन प्रीसनर कर रहे हैं। यह भारत में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों की दूसरी उच्च-स्तरीय यात्रा है। बेयरबॉक पहले भी भारत की यात्रा कर चुकी हैं। जर्मनी की विदेश मंत्री के तौर पर अपनी एक यात्रा के दौरान उन्होंने भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की वकालत की थी। उस दौरान उन्होंने दिल्ली मेट्रो में भी सफर किया था।

**भारत की डेटा कावेरी सिस्टम्स और जापानी कंपनी के बीच एमओयू**

## स्मार्ट सिटी और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एआई आधारिक विकास को मिलेगा बढ़ावा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच एक नई साझेदारी के तहत अब निर्माण (कंस्ट्रक्शन) से जुड़े बड़े डेटा का उपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शहरी विकास के लिए किया जाएगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस से जुड़े डेटा प्लेटफॉर्म डेटाकावेरी सिस्टम्स और जापान की कंपनी वनस्ट्रक्शन इंक ने इस दिशा में एमओयू किया है।

### निर्माण डेटा को एकत्रित करेंगे और सुरक्षित रखेंगे

फिलहाल, निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ा बड़ा डेटा अलग-अलग जगहों पर बिखरा रहता है और प्रोजेक्ट खत्म होने के बाद उसका इस्तेमाल नहीं हो पाता। इस साझेदारी का लक्ष्य इस डेटा को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से जोड़कर उपयोग में लाना है। दोनों संस्थान मिलकर स्मार्ट सिटी और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एआई आधारित नए उपयोग विकसित करेंगे। निर्माण डेटा को आईयूडीएक्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने और संयुक्त फंडिंग के अवसर तलाशने पर भी काम होगा।



**खबर संक्षेप**



## महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने गुरुवार को गुलमोहर कॉलोनी स्थित देवलोक पार्क में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कॉलोनी के देवलोक पार्क में पेविंग ब्लाक, शेड एवं चबूतरे का करीब 14 लाख रूपए निर्माण होना है। भूमिपूजन पर महापौर परिषद की सदस्य सुषमा बावीसा, करतार सिंह तोमर, संतोष हिरवे, राजकुमार विश्वकर्मा, पीयूष सिसोदिया, अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## जहरीले कचरे से निकली राख की रिपोर्ट पेश करें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रामकी व री-सस्टेनेबिलिटी वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी में दबाई गई यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे से निकली 900 मीट्रिक टन राख की टाक्सिसिटी के संबंध में आकलन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस विवेक कुमार सिंह व जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की डिवीजन बेंच ने भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर को सुरक्षित कर भोपाल गैस मेमोरियल बनाए जाने के संबंध में कार्य-योजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 22 जून को होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की थी। जिनकी मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा है।

## बीमा फर्जी क्लेम गिरोह का पर्दाफाश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बीमा धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने कार्रवाई करते हुए करीब 8 करोड़ रुपए के फर्जी क्लेम से जुड़े संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह मामला आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस से जुड़ा हुआ है, जांच एजेंसी के मुताबिक, गिरोह ने मृत व्यक्तियों के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बीमा क्लेम हासिल करने की साजिश रची थी। इसके लिए पॉलिसीधारकों, नामिनी और बीमा एजेंटों के बीच तरीके से नेटवर्क तैयार किया गया था।

## खुदाई में टूटी थिंक गैस की पाइप लाइन, बहाल

**भोपाल।** बंगरसिया ब्रिज के पास एक थर्ड पार्टी ठेकेदार द्वारा बिना पूर्व सूचना के किए जा रहे खुदाई कार्य के दौरान थिंक गैस द्वारा स्थापित सिटी गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित हिस्से को अलग किया और कम समय में गैस आपूर्ति बहाल कर दी, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई और निवासियों को होने वाली असुविधा को न्यूनतम किया गया।थिंक गैस ने भोपाल जिले में घरों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और परिवहन उपयोगकर्ताओं के लिए कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की आपूर्ति हेतु मजबूत पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगरीय प्रशासन एवं विकास ने जारी की गाइडलाइन

# नदी किनारे के शहरों का अलग से होगा मूल्यांकन सर्वे के अलावा इस श्रेणी में 200 अंक अलग से तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत होने वाले सर्वे के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास ने नदियों और घाट किनारे शहरों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें नदी किनारे बसे शहरों को भी शामिल किया गया है। इनके घाटों की सफाई के लिए सर्वेक्षण में 200 नंबर अलग से तय किए गए हैं।

इस नई गाइडलाइन में मध्यप्रदेश के 73 शहरों के 106 घाट चिंहित किए गए हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यह पहली बार है जब रिवर टाउन असेसमेंट (नदी शहर मूल्यांकन) घटक का अलग से सर्वे होगा। ऐसे में नदी किनारे बने घाटों की सफाई और रखरखाव निर्भर करेगा कि आपके शहर की रैंकिंग कैसी है। गंगा टाउन से रिवर टाउन का विस्तार विषय का एक हिस्सा है।

> प्रदेश के 73 शहर शामिल, इनमें 106 घाट, हर जगह सफाई करना जरूरी

**भोपाल संभाग में नदी किनारे 9 नगरीय निकाय**

शहरों की सूची में 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों को भी शामिल किया गया है। वहीं इंदौर, भोपाल और जबलपुर जैसे शहर इसमें प्रमुख हैं। भोपाल संभाग के सीहोर जिले की बुधनी, शाहगंज, सीहोर, आष्टा, राजगढ़ जिले की खिलचीपुर, विदिशा की कुरबई, गंजबसौदा, बैरसिया और रायसेन जिले की बैगमगंज निकाय नदी किनारे बसी हैं। जिसमें करीब 11 घाट हैं। भोपाल संभाग में नदी किनारे 9 नगरीय निकाय हैं और 11 घाट हैं।

**नदी संरक्षण को बढ़ावा**

इसका उद्देश्य नदी संरक्षण, सफ़ाई और कचरा प्रबंधन में सुधार करना है। इससे सफ़ाई के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इसमें प्रदेश के 10 संभागों के 106 घाटों को चिन्हित किया गया है। स्वच्छता के लिए होने वाले सर्वेक्षण में नदी-तालाबों का संरक्षण महत्वपूर्ण होगा। शहरों का मूल्यांकन कचरा प्रबंधन प्रणाली, सीवेज निपटान और नदी के किनारों की समग्र सफ़ाई पर निर्भर होगा।

### कचरा कम करने के लिए हमें अधिक से अधिक प्रयास करना होंगे: महापौर

महापौर मालती राय ने कहा है कि कचरा उत्सर्जन को कम करने के लिए हमें ज्यादा प्रयास करना होंगे। प्लास्टिक डिस्पोजल्स एवं प्लास्टिक की छोटी बाटल जैसी चीजों को कम करते हुए रीयूजेबल कटलरी का अधिक उपयोग करना होगा, ताकि कचरे का उत्सर्जन कम किया जा सके। यह बात मालती ने आईएसबीटी के समीप स्थित होटल राजहंस में कचरा पृथक्कीकरण पर आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में कही। कचरा अलग-अलग रखेंगे हम, भोपाल बनेगा नंबर-1 के संकल्प के साथ प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न हुई।

**गीला-सूखा व अन्य कचरा अलग-अलग होने पर संसाधन के रूप में आता है वापस**



महापौर मालती ने कहा कि जब गीला-सूखा व अन्य कचरा अलग-अलग जाता है तो यह संसाधन के रूप में वापस आता है। महापौर राय ने कहा कि भोपाल के रेस्टोरेंट्स, ढाबे और होटलों में भी यह प्रशिक्षण दिया जाए। इस दौरान निगम की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर 'स्वच्छता किटी' ग्रुप की सदस्यों ने 6 अलग-अलग प्रकार के डस्टबिन के उपयोग के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान होटल संचालक व अन्य स्टाफ सहित निगम के स्वच्छता कार्य में सहयोगी भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने सागर के नरयावली में किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

# महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध, किसानों से गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी मध्य प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, लेकिन कई राजनैतिक दलों को नहीं सुहाता है। माताएं-बहनें सब कुछ भूल सकती हैं, पर अपना अपमान कभी नहीं भूल सकती हैं, बहनों से यही अपील है कि मौका मिलने पर हिसाब जरूर चुकता करना है। हमारा पूर्ण संकल्प है कि आज नहीं तो कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन बहनों को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को सागर के नरयावली में विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति माताओं-बहनों का सर्वोपरि रखने की रही है। बहनों को विधानसभाओं और लोकसभा में आरक्षण दिलवाने के लिए हमारी सरकार लड़ाई लड़ रही है। राज्य सरकार लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दे रही है। प्रदेश के 17 जिलों में महिला कलेक्टर हैं। प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में महिला अधिकारी एसपी हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसानों के हित में हितकारी निर्णय लिए हैं।

**खास बात**

- प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाएं, लेकिन कई राजनैतिक दलों को यह नहीं सुहाता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं**

- कड़ान मध्यम सिंचाई परियोजना का पुनरीक्षण होगा, इससे क्षेत्र की लगभग 30 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी। मकरोनिया फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।
- 24 करोड़ रुपए की लागत से बम्होरी तिराहे से नई 4 लेन सड़क बनाई जाएगी।
- लघु सिंचाई परियोजना, जलाशय सुधार कार्य, 25 करोड़ की लागत से दो नए पुल बनाए जाएंगे।
- औद्योगिक कौशल की जरूरतों के अनुसार जरुआखेड़ा आईटीआई में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे।
- नगरपालिका कर्रापुर में विकास कार्यों के लिए आवश्यक राशि की घोषणा की गई।

### 27 करोड़ से निर्मित सांदीपनि विद्यालय, 41 करोड़ 7 लाख की लागत के 36 विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। नरयावली में 27 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं, हमारी 5 हजार साल पुरानी विरासत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 41 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से 36 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें विभिन्न पंचायतों में बने 12 सीसी रोड शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 17 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से 62 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया है।

**किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही: सीएम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत है। अब कृषक कल्याण वर्ष में किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। बुंदेलखंड की धरती वीरों और महावीरों की धरती है। प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में बिजली का अस्थाई कनेक्शन दिया जा रहा है। किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है। किसानों से किए सभी वादों को पूरा करते हुए आगामी वर्षों में 2700 रुपए से अधिक भाव पर गेहूं खरीदा जाएगा।

**भू-अर्जन का मुआवजा चार गुना करने पर ढोल-नगाड़े बजाकर मनाया उत्सव, बांटी मिठाइयां**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शासकीय व सार्वजनिक विकास व निर्माण कार्यों के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण करने के लिए मिलने वाले मुआवजे को चार गुना करने के निर्णय पर भाजपा किसान मोर्चा ने आभार जताया है। मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर ढोल नगाड़ा बजाकर उत्सव मनाया और मिठाइयां बांटकर लोगों का मुह मीठा कराकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। किसान मोर्चा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।



**किसानों की मेहनत का उचित सम्मान : सबनानी**

विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी सरकार का कृषि भूमि को अधिग्रहण करने पर मुआवजे को चार गुना करने के निर्णय का प्रदेश भर के किसान स्वागत कर रहे हैं। किसानों में इस निर्णय को लेकर हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय किसानों की मेहनत का उचित सम्मान है।

**किसानों के हित में लिया निर्णय: जयपाल**

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश कि लाखों किसानों के हितों में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के इस फैसले से न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण होगा, बल्कि प्रदेश में विकास की रफ्तार भी तेज होगी और हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### लैलूंगा थाना क्षेत्र का मामला

## बिजली के खंबे से टकराई बाइक एक शख्स की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे यह हादसा हुआ। इस घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है। यह मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। लीलाराम चौहान ने लैलूंगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि कल सुबह सात बजे उनका नाती कृष्णा चौहान अपने साथी खगेश्वर भगत के साथ घर से बिना बताए मोटर साइकिल लेकर निकला था। दोनों युवक रूडूकेला से पोतरा सड़क पर मोहरलाल भगत के घर के पास पहुंचे थे।

बाइक चला रहे कृष्णा चौहान ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद उनकी मोटर साइकिल सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को लैलूंगा सिविल अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने कृष्णा चौहान को मृत घोषित कर दिया। उनके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। खगेश्वर भगत का अस्पताल में इलाज चल रहा है।




**पुलिस कर रही मामले में आवश्यक कार्रवाई**

लीलाराम चौहान की रिपोर्ट के अनुसार, कृष्णा और खगेश्वर सुबह घर से निकले थे। वे रूडूकेला से पोतरा सड़क पर जा रहे थे। मोहरलाल भगत के घर के पास कृष्णा ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार बाइक सीधे बिजली के खंभे से टकरा गई। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को तुरंत लैलूंगा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने कृष्णा चौहान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक की मौत के बाद मर्ग पंचनामा तैयार किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। लैलूंगा पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### बिर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव की घटना, इलाके में दहशत

## नकाबपोश बदमाशों ने कांग्रेस नेता के बेटों को गोली मारी, एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव में गुरुवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात हुई। कांग्रेस नेता सम्मेलाल कश्यप के बड़े बेटे आयुष कश्यप की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

देर रात करीब 12:30 बजे तीन नकाबपोश बदमाश सम्मेलाल कश्यप के घर में घुस आए। सम्मेलाल सीमेंट-रेत व्यवसायी और पूर्व ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष हैं। बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया। हमले में आयुष कश्यप को दो गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आयुष के छोटे भाई आशुतोष कश्यप को भी गोली लगी है। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।







**सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू**

*प्रभारी पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, साइबर दल और न्यायिक विज्ञान दल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता सम्मेलाल कश्यप ने रेत कारोबार से जुड़े विवाद की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि आयुष हाल ही में रेत के काम में सक्रिय हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। आयुष कश्यप के शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके गृह ग्राम करही लेकर पहुंचे, जहां जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू सहित कांग्रेस के नेताओं और परिजनों ने बिर्रा चौक मुख्य मार्ग पर आधे घंटे तक चक्का जाम किया। हत्या के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। वहीं परिजनों का बुरा हाल है।*

**कुछ संदिग्ध लोग कर चुके थे गांव में पूछताछ**

मृतक की बहन प्रेरणा कश्यप ने बताया कि हमलावर नकाब पहने हुए थे। उन्होंने सीधे आयुष को निशाना बनाया और पहले उसे गोली मारी। इसके बाद छोटे भाई पर भी फायरिंग की गई। प्रेरणा ने यह भी बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले कुछ युवक आयुष के बारे में पूछताछ करने गांव आए थे। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आंकड़ों के साथ सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

# वर्तमान गति से सरकार का गेहूं खरीदी लक्ष्य पूरा करना असंभव यह सरकार की किसान विरोधी मंशा को करता है उजागर: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में व्याप्त गेहूं खरीदी की बदहाली और किसानों के शोषण पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सरकारी आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए कहा कि वर्तमान गति से सरकार का खरीदी लक्ष्य पूरा करना असंभव है, जो सरकार की किसान विरोधी मंशा को उजागर करता है। पटवारी ने सरकारी विज्ञापनों का हवाला देते हुए विश्लेषण प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल से शुरू हुई खरीदी के 14 दिनों में लगभग 2.21 लाख किसानों से मात्र 9.51 लाख मीट्रिक टन (95.17 लाख क्विंटल) गेहूं खरीदा गया है। इस गति से यदि 14 दिनों में 9.51 लाख मीट्रिक टन खरीदी हो रही है, तो 80 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के लिए लगभग 118 दिन और 160 लाख मीट्रिक टन के लिए लगभग 236 दिन लगेंगे। जब खरीदी की अंतिम तिथि सिर पर है, तो सरकार बताए कि बाकी का गेहूं क्या अगले साल खरीदा जाएगा? यह स्पष्ट रूप से किसानों को अधर में छोड़ने की साजिश है।



**सत्ता पक्ष के करीबियों के लिए नियम ताक पर रखा: जीतू**

पटवारी ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर आम किसान स्लॉट बुकिंग न होने के कारण 2700 प्रति क्विंटल का गेहूं 2000-2100 में निजी मंडियों में बेचने को मजबूर है, वहीं सत्ता पक्ष के करीबियों के लिए नियम ताक पर रख दिए गए हैं। पटवारी ने कहा कि सर्वर की खराबी, बारदाने की कमी और सैटेलाइट सत्यापन के नाम पर किसानों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस अव्यवस्था के कारण किसानों को अब तक लगभग 4500 करोड़ का गेहूं औने-पौने दामों पर बाजार में बेचना पड़ा है। आय दोगुनी करने के पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आय दोगुनी करने के वादे को जुमला करार देते हुए कहा कि आज किसान कल्याण के नाम पर केवल शोषण हो रहा है।

**भाजपा मास्टर प्लान नहीं ,'माफिया प्लान' बनाती है: जाट**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जाट ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विदिशा उद्वहन सिंचाई परियोजना की नहर की ज़मीन पर भू माफिया के क़ब्ज़े पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। आनंद जाट ने आरोप लगाया कि विदिशा में 'एक शहर, दो कानून' की स्थिति बनी हुई है। भाजपा 'मास्टर प्लान' नहीं, 'माफिया प्लान' बनाती है और सरकारी जमीनों पर क़ब्ज़ा करना ही भाजपा का मास्टर प्लान है।




मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मांग की है कि विदिशा में जल संसाधन विभाग की जमीनों पर हुए अवैध निर्माणों को तत्काल ढहाया जाए और दोषी अधिकारियों व भू-माफिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए।

### वीडियो हो चुका वायरल, चौकी खोड़री में था पदस्थ

## अवैध वसूली के आरोपों पर आरक्षक को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला पेंड्रा मरवाही

जीपीएम जिले में पुलिस विभाग की छवि पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आने के बाद बड़ी कार्यवाही की गई है। थाना गौरेला अंतर्गत चौकी खोड़री में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 91 खगेश्वर मैत्री को अवैध वसूली के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार,बीते दिनों ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि संबंधित आरक्षक सड़क पर चलने वाले व्यावसायिक वाहनों से पैसे की मांग करता है। इस मामले का वीडियो भी सामने आया था वीडियो में आरक्षक वाहन चालकों से पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा था।




मामले में थाना प्रभारी गौरेला द्वारा प्रस्तुत गोपनीय प्रतिवेदन और प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी ने इसे कर्तव्य के विपरीत आचरण मानते हुए तत्काल प्रभाव से आरक्षक को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में आरक्षक का मुख्यालय रक्षित आरक्षी केंद्र गौरेला-पेंड्रा-मरवाही निर्धारित किया गया है।

**फर्जी बीमा-रजिस्ट्रेशन का मामला**

# उद्योगपति रोहित खटवानी की अग्रिम जमानत अर्जी हाईकोर्ट से खारिज



**जबलपुर।** फर्जी बीमा-रजिस्ट्रेशन के मामले में खटवानी मोटर्स के रोहित खटवानी की अग्रिम जमानत हाईकोर्ट से खारिज हो गई है। दरअसल, कुछ देर बहस करने के बाद आवेदक के अधिवक्ता ने अर्जी वापस लेने की मांग की, जिसे जस्टिस संजीव एस कलगांवकर की सिंगल बेंच ने स्वीकार कर लिया। इसके पहले ट्रायल कोर्ट ने भी जनवरी में अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

यह मामला तब सामने आया था जब एक दुर्घटना में मृत व्यक्ति के वाहन के बीमा दस्तावेज फर्जी पाए गए। जांच में सामने आया कि वाहन की वास्तविक बिक्री 23 अक्टूबर 2019 को हुई थी, लेकिन बाद में 4 नवंबर 2019 की कूटरचित इनवॉइस तैयार कर रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस हेराफेरी के कारण मृतक के परिवार को बीमा का लाभ नहीं मिल सका, जबकि पूरी राशि पहले ही जमा कर दी गई थी। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने रोहित खटवानी व उसके प्रबंधक अनिरुद्ध प्रताप सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। ईओडब्ल्यू की जांच में यह साबित हुआ कि फर्जी इनवॉइस, बीमा और रजिस्ट्रेशन दस्तावेज खटवानी के शोरुम के कंप्यूटर और प्रिंटर से ही तैयार किए गए थे।

**भवन गिराने पर पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा लगाई रोक बरकरार**

## गोरखपुर के 12 किरायेदारों को दुकान खाली करने का आदेश निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर नगर निगम के उस नोटिस और नोटशीट को रद्द कर दिया, जिसके तहत गोरखपुर के मुख्य मार्ग पर 12 किरायेदारों को दुकान खाली करने को कहा गया था। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि उक्त भवन का स्ट्रक्चर इंजीनियर से सर्वे करवाएं और वर्तमान स्थिति पता करें। यदि रिपोर्ट में भवन गिराने की बात आती है तो सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान कर अंतिम निर्णय पारित करें। कोर्ट ने साफ कहा कि अंतिम निर्णय आने तक भवन गिराने पर पूर्व में लगाई रोक बरकरार रहेगी।

जबलपुर निवासी हरिप्रसाद पटेल व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि ये दुकानदार पिछले पांच दशक से अधिक समय से इन 12 दुकानों के किरायेदार हैं और इन्हीं से अपनी आजीविका चला रहे हैं। जबलपुर शहर में संपत्ति की दरों में वृद्धि के बाद सेठ नाथुमल जैन ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने इन किरायेदारों को परिसर से बेदखल करने की मांग की। किरायेदारों के खिलाफ बेदखली का मुकदमा दायर करने के बजाय, संपत्ति के ट्रस्टी ने जबलपुर नगर निगम के साथ मिलीभगत करके सभी 12 दुकानदारों को नोटिस जारी करने के लिए मजबूर किया। इन नोटिसों में जबलपुर नगर निगम को निर्देश दिया गया था कि वे 3 दिनों के भीतर दुकानें खाली कर दें अन्यथा जबलपुर नगर निगम पूरी इमारत को ध्वस्त कर देगा। विध्वंस का खर्च भी दुकानदारों से वसूला जाएगा। पूर्व में हाईकोर्ट ने इस पर अंतरिम रोक लगाई थी।



**पीरजी कंपाउंड में अवैध निर्माण ध्वस्त**

## ओपन डिफेंस लैंड पर चला बुलडोजर

**जबलपुर।** शुक्रवार को कैंट बोर्ड और रक्षा संपदा विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीरजी कंपाउंड स्थित ओपन डिफेंस लैंड पर हो रहे अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से पूरे बगीचा क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और आसपास के लोगों में खलबली मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सर्वे क्रमांक 165, पीरजी कंपाउंड में गयासुद्दीन कुरैशी द्वारा खुली रक्षा भूमि पर करीब एक हजार वर्गफीट क्षेत्र में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि अतिक्रमणकारी ने पक्का मकान बनाने की मंशा से नींव भरवा ली थी और दीवार खड़ी करने की तैयारी भी शुरू कर दी थी।

इस अवैध निर्माण को लेकर कैंट बोर्ड और रक्षा संपदा विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को दोनों विभागों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और बिना देरी किए कार्रवाई शुरू कर दी। टीम ने बुलडोजर की मदद से निर्माणाधीन ढांचे को पूरी तरह से तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। इस दौरान कैंट बोर्ड की ओर से इंजीनियर अनुराग आचार्य, अतिक्रमण दल प्रभारी नितेश पटेरिया मौजूद रहे, जबकि रक्षा संपदा विभाग से एसडीओ जितेंद्र कुमार और उमेश कांबले ने कार्रवाई का नेतृत्व किया। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कहीं भी अवैध निर्माण पाया जाता है, तो इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डेटा एनालिसिस से गेहूं उपार्जन पर रखी जायेगी नजर



**जबलपुर।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के दौरान गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले में बिचौलियों पर लगाम कसने और वास्तविक किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "डेटा एनालिसिस थ्रू डीप डाइव इन एग्रीकल्चर-थ्रू जनरेटिव एआई" सेल का गठन किया गया है। जनरेटिव एआई सेल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप डेटा एनालिसिस के माध्यम से उपार्जन संबंधी विभिन्न पोर्टलों, जैसे कृषि विभाग, मंडी, परिवहन और राजस्व के आंकड़ों का गहन अध्ययन करेगा। इस तकनीक के इस्तेमाल से संदिग्ध गतिविधियों और डेटा में होने वाले अप्रत्याशित बदलावों की पहचान कर शासन को होने वाली राजस्व हानि को रोका जा सकेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने इस विशेष सेल की कमान संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र अहाके को सौंपी है। उन्हें सेल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रमोद मिश्रा, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदित्य सिंह और जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर चित्रांशु त्रिपाठी सहित कुल नौ विशेषज्ञों को इस सेल में शामिल किया गया है। इनमें आईटीआई और पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ भी शामिल हैं। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति नियंत्रक एवं कृषि उपज मंडी समितियों के सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे पिछले तीन वर्षों के कृषक पंजीयन, धान और गेहूं विक्रय की मात्रा और भुगतान संबंधी संपूर्ण डेटा इस सेल को उपलब्ध कराएं। एआई सेल उपलब्ध डेटा का विश्लेषण कर अपनी रिपोर्ट जिला उपार्जन समिति की बैठक में प्रस्तुत करेगी। एआई सेल के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे पोर्टल पर होने वाली खरीदी के डेटा में किसी भी प्रकार के अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव, जैसे एक ही दिन में अत्यधिक मात्रा में खरीदी या अन्य संदिग्ध पैरामीटर्स की जांच कर प्रतिदिन होने वाली बैठक में रिपोर्ट दें।

**कामकाज में सुस्ती से बढ़ी परेशानी**

## कुलसचिव बदले, फिर भी रादुविवि पुराने ढर्रे पर

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में प्रशासनिक बदलाव के बावजूद व्यवस्था में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। कुलसचिव के पद पर नए अधिकारी की नियुक्ति के बाद कामकाज में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन हालात अब भी पुराने ढर्रे पर ही चलते दिखाई दे रहे हैं। फाइलों की धीमी रफ्तार और निर्णय लेने में देरी के कारण कर्मचारी और संबंधित विभाग परेशान हैं।

सबसे बड़ा उदाहरण 30 मार्च को आयोजित ईसी (कार्य परिषद) और कोर्ट (महासभा) की महत्वपूर्ण बैठकों का है, जिनके मिनिट्स एक महीने बाद भी जारी नहीं किए जा सके हैं। इन बैठकों में लिए गए फैसलों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होती है, लेकिन मिनिट्स के अभाव में कई विभागों का काम अटका हुआ है। इससे कर्मचारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल के पदभार संभालने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और गति आने की उम्मीद थी। लेकिन हकीकत में फाइलें अब भी पहले की तरह धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि छोटे-छोटे मामलों के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।



### समीक्षा बैठक भी ठंडे बस्ते में

(महासभा) की बैठक में वार्षिक बजट को इस शर्त के साथ मंजूरी दी गई थी कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में यह देखा जाना था कि स्वीकृत बजट और कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रशासन ने क्या कदम उठाए हैं। इस अहम बैठक में महापौर, विधायक, शासन के प्रतिनिधि और कार्य परिषद के सदस्य मौजूद थे। सभी ने समय पर समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक न तो बैठक की कोई तैयारी नजर आ रही है और न ही मिनिट्स जारी किए गए हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब निर्णयों का रिकॉर्ड ही जारी नहीं हुआ, तो समीक्षा कैसे होगी।

### कर्मचारी संघ सख्त, आंदोलन की चेतावनी

प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली से नाराज कर्मचारी अब आंदोलन की राह पर जाने को मजबूर हो रहे हैं। कर्मचारी संघ ने कुलसचिव कार्यालय को मांग पत्र सौंपते हुए साफ कहा है कि जो मुद्दे स्थानीय स्तर पर सुलझाए जा सकते हैं, उन पर तत्काल निर्णय लिया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द ही कामकाज में सुधार नहीं हुआ, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। उनका आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण अनावश्यक देरी हो रही है, जिसका सीधा असर कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के काम पर पड़ रहा है।

### उठ रहे सवाल

लगातार हो रही देरी और निर्देशों की अनदेखी के चलते रादुविवि प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जब नए अधिकारी के आने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा, तो बदलाव का फायदा क्या है। कुल मिलाकर, रादुविवि में प्रशासनिक ढांचे में बदलाव तो हुआ है, लेकिन कार्यशैली अब भी पुरानी बनी हुई है। यदि जल्द ही सुधार नहीं हुआ, तो इसका असर विश्वविद्यालय की पूरी व्यवस्था और छवि पर पड़ सकता है।

**तेज धूप और लू के बीच पौधारोपण पर सवाल**

## भीषण गर्मी में लग रहे पौधे क्या बचेंगे...?

**जबलपुर।** रानी अवंती बाई वार्ड के अंतर्गत गौरैया घाट और गौर नदी के पास प्रस्तावित गार्डन के भूमि पूजन की चर्चा के बीच नगर निगम का अमला सक्रिय नजर आ रहा है। लेकिन इन तैयारियों के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है—क्या इस भीषण गर्मी में लगाए जा रहे पौधे कुछ दिन भी जीवित रह पाएंगे? उद्यान विभाग द्वारा बिलहरी से लेकर गौर एकता मार्केट तक सड़क के डिवाइडरों पर तेजी से पौधारोपण कराया जा रहा है। तेज धूप और लू के बीच किए जा रहे इस काम को लेकर स्थानीय लोगों और जानकारों ने चिंता जताई है।

जानकारों का कहना है कि पौधारोपण के लिए सबसे सही समय मानसून का होता है, जब बारिश और नमी के कारण पौधे आसानी से विकसित हो पाते हैं। लेकिन अभी तापमान लगातार बढ़ रहा है और ऐसे में नए पौधों के सूखने की संभावना बहुत ज्यादा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अभी तो पुराने पेड़-पौधों को बचाना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में नए पौधे लगाना समझ से परे है। कई लोगों ने इसे केवल दिखावे की तैयारी बताया है।

### लाखों खर्च, लेकिन परिणाम अनिश्चित

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे सौंदर्यीकरण कार्य में लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन यदि पानी और देखभाल की उचित व्यवस्था नहीं रही, तो ये पौधे कुछ ही दिनों में सूख सकते हैं। ऐसे में सरकारी पैसे की बर्बादी का खतरा भी बढ़ गया है।

### कर्मचारियों में भी चिंता

उद्यान विभाग के कुछ कर्मचारियों ने भी इस फैसले पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस मौसम में पौधों को लगाना उनके जीवित रहने की संभावना को कम कर देता है। हालांकि, अधिकारियों के निर्देश पर काम तेजी से कराया जा रहा है।



### दिखावे की तैयारी या स्थायी विकास

फिलहाल, गौर नदी के पास प्रस्तावित गार्डन की जमीन पर भी तेजी से काम चल रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के सामने बेहतर तस्वीर पेश की जा सके। लेकिन सवाल यही है कि क्या यह हरियाली लंबे समय तक टिक पाएगी या फिर कुछ दिनों बाद सूखे पौधों में बदल जाएगी।

## गेहूँ उपार्जन आज भी होंगे स्लॉट बुक, खरीदी भी जारी रहेगी

**जबलपुर।** जिले में रबी विपणन सीजन के दौरान गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शनिवार 25 अप्रैल को अवकाश होने के बाद भी जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इस संबंध में आधिकारिक निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को अपनी उपज बेचने का अवसर मिल सके।

अधिकृत जानकारी के मुताबिक किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग का पोर्टल खुला रहेगा। जो किसान अपनी फसल बेचने के लिए समय निर्धारित करना चाहते हैं, वे 25 अप्रैल को इस प्रक्रिया को पूरा कर सकेंगे। इससे केंद्रों पर भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी और किसानों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विभाग ने तकनीकी टीम को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं ताकि पोर्टल संचालन में कोई बाधा न आए। इस संबंध में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गेहूँ उपार्जन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम और संबंधित विभागीय अधिकारियों को सक्रिय रहने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देशित किया है कि शनिवार को खरीदी चालू रहने की सूचना तत्काल सभी खरीदी केंद्र प्रभारियों और समिति प्रबंधकों तक पहुंचाई जाए। परिवहन और भंडारण की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया है ताकि केंद्रों पर अनाज का उठाव समय पर होता रहे।

## जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को परखा**

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को सेठ गोविंददास विक्टोरिया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर संबंधित चिकित्सकों से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली और उपचाराधीन मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने टाइप-1 डायबिटीज समर्पित साप्ताहिक फॉलोअप क्लीनिक का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि प्रत्येक शुक्रवार को ओपीडी नंबर 9 में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होने वाला यह क्लीनिक जिले के गंभीर मधुमेह रोगियों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध हो रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ परामर्श, गहन उपचार और मधुमेह शिक्षा उपलब्ध होने से मरीजों को काफी राहत मिल रही है। इस व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मरीजों को पूरे महीने के लिए निःशुल्क इंसुलिन, सीरिंज, ग्लूकोमीटर और 100 स्ट्रिप्स की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ पूरी तरह समाप्त हो गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों के ब्लड शुगर रिकॉर्ड के आधार पर उनकी खुराक का सटीक समायोजन निरंतर जारी रहे और किसी भी आपात स्थिति या जटिलता की पहचान होने पर उन्हें तत्काल बेहतर मेडिकल सुविधा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने इस दौरान मधुमेह पीड़ितों को माय टी1डी किट भी प्रदान की।

**उत्कृष्ट टर्नआउट वाले जवानों को किया सम्मानित, ड्रिल प्रदर्शन का लिया जायजा**

# जनरल परेड का निरीक्षण, कप्तान ने परखा अनुशासन और दक्षता

**हरिभूमि, जबलपुर।**

पुलिस विभाग में अनुशासन और कार्यकुशलता को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अनुशासन तथा ड्रिल दक्षता का मूल्यांकन किया।

### सलामी के साथ शुरू हुई परेड, स्क्वॉड ड्रिल का प्रदर्शन

परेड ग्राउंड पहुंचने पर सूबेदार अमित शिववंशी ने पुलिस अधीक्षक को सलामी दी, जिसके बाद जनरल परेड प्रारंभ हुई। परेड के दौरान विभिन्न प्लाटूनों ने स्क्वॉड ड्रिल का प्रदर्शन किया, जिसमें जवानों की तालमेल, अनुशासन और प्रशिक्षण का स्तर स्पष्ट रूप से नजर आया। एसपी ने बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### ड्रिल और यातायात संकेतों का किया मूल्यांकन

जनरल परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का व्यक्तिगत निरीक्षण किया। इस दौरान उत्कृष्ट वर्दी और टर्नआउट वाले जवानों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही प्लाटूनों द्वारा प्रस्तुत आर्म्स ड्रिल एवं यातायात प्लाटून की मैनुअल सिग्नल ड्रिल का अवलोकन कर उनकी दक्षता को परखा गया।



### वरिष्ठ अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, शहर एवं देहात के थाना प्रभारी और विभिन्न थानों से आए लगभग 240 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिम का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

परेड के समापन के बाद कप्तान उपाध्याय ने पुलिस लाईन स्थित जिम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने फिटनेस संसाधनों की स्थिति का जायजा लेते हुए जवानों की शारीरिक क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनुशासन, फिटनेस और प्रशिक्षण ही पुलिस बल की मजबूती के आधार हैं, जिन्हें निरंतर बनाए रखना आवश्यक है।

**16-16 घंटे चल रही विलंब से, यात्री परेशान**

## यात्रियों का पसीना बहा रही समर स्पेशल ट्रेने

**जबलपुर।** भीषण गर्मी के बीच रेल यात्रियों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार 24 अप्रैल को जबलपुर से गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेनें 16 घंटे से भी ज्यादा की देरी से चल रही हैं। इससे यात्रियों को तेज गर्मी और उमस में लंबे समय तक स्टेशन पर इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को हो रही है। रेलवे द्वारा समर सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, लेकिन ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण इनका फायदा यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है। यात्रियों का कहना है कि सिर्फ ट्रेनें चलाना ही काफी नहीं है, उनकी समय पर आवाजाही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

हालात ऐसे हैं कि यात्रियों को यह भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि ट्रेन कब आएगी और अपने गंतव्य तक कब पहुंचेगी। ट्रेन के समय में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, 05558 एलटीटी-रक्सौल करीब 16 घंटे 15 मिनट, 01450 दानापुर-हडपसर 15 घंटे, 01044 समस्तीपुर-एलटीटी 13 घंटे 45 मिनट, 03252 एसएमवीबी-दानापुर 10 घंटे 20 मिनट, 05791 किशनगंज-उधना 6 घंटे 45 मिनट, 05590 हडपसर-मुजफ्फरपुर 6 घंटे और 01449 पुणे-दानापुर करीब 3 घंटे 30 मिनट की देरी से चल रही हैं। लगातार बढ़ती देरी के कारण यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है और वे रेलवे से व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं।

## सफाई ठेकेदारों पर पेनाल्टी हटाने का प्रस्ताव खारिज

# नगर निगम बैठक : नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हंगामा

**जबलपुर।** नगर निगम की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को कई अहम मुद्दों और तीखी बहस के बीच संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रस्ताव क्रमांक 18 सबसे ज्यादा चर्चा में रहा, जिसमें सफाई ठेकेदारों पर लागू पेनाल्टी प्रावधान को हटाने की बात रखी गई थी। प्रस्ताव के अनुसार यदि ठेकेदार 70 प्रतिशत सफाई कर्मचारियों की आपूर्ति नहीं करता है, तो उस पर जुर्माना लगाने की बाध्यता समाप्त करने का सुझाव था। जैसे ही यह प्रस्ताव सदन में रखा गया, विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के पार्षदों ने भी इसका खुलकर विरोध किया। पार्षदों का कहना था कि यदि पेनाल्टी का प्रावधान हटा दिया गया तो ठेकेदार मनमानी करेंगे और वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित होगी। बढ़ते विरोध को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि उनके किसी भी पार्षद को इस प्रस्ताव पर आपत्ति है, तो इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया।इस फैसले के साथ अब स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है कि सफाई ठेकेदारों को पूर्व निर्धारित टेंडर शर्तों के अनुसार ही तय संख्या में कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। यदि इसमें लापरवाही पाई जाती है तो उनके खिलाफ पेनाल्टी की कार्रवाई जारी रहेगी।सदन में इस मुद्दे पर पार्षद जीतू कटारे, महेश राजपूत, अतुल दाणी, राहुल साहू और प्रिया तिवारी ने अपनी बात रखते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। पार्षद जीतू कटारे ने कहा कि पेनाल्टी का प्रावधान ठेकेदारों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जरूरी है। इससे उन्हें यह संदेश जाता है कि लापरवाही की स्थिति में उन्हें आर्थिक दंड भुगतना पड़ेगा।



पार्षदों की इस मांग को महापौर अन्नू ने भी समर्थन दिया और स्पष्ट किया कि टेंडर की मूल शर्तों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। इसके बाद सदन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पेनाल्टी का प्रावधान यथावत रखा जाएगा।महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने कहा, साधाराण सभा के 19 में से 18 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये. नारी वंदन वाला प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ. वहीं नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा यह विपक्ष और शहरवासियों की जीत है की सफाई ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने लाया गया, प्रस्ताव हमने पास नहीं होने दिया. अगर यह प्रस्ताव पास होता तो शहर में सफाई ठेकेदारों की मनमानी हदपार कर जाती और सफाई व्यवस्था पूरी तरह ढह जाती.

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर गरमाया माहौल

बैठक के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भी सदन में तीखी बहस देखने को मिली। कांग्रेस की महिला पार्षदों ने इस अधिनियम को भाजपा का चुनावी एजेंडा बताया, वहीं भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए माफी मांगने की मांग की। पार्षद जीतू कटारे ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर कांग्रेस की भूमिका को देश की महिलाएं नहीं भूलेंगी और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देंगी। इस बयान के बाद सदन में हंगामे की स्थिति बन गई और कुछ समय तक कार्यवाही प्रभावित रही। अंत हंगामे के बीच ही अन्य प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के अंत में निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने सदन की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की।



## कुण्डम में मेधावी छात्रों का सम्मान

# नवनियुक्त डीएसपी ने साझा किए सफलता के गुरुमंत्र

**जबलपुर।** विकासखंड कुण्डम के इतिहास में पहली बार शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनुविभागीय कार्यालय में एक भव्य मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित यह विशेष कार्यक्रम एसडीएम सुश्री प्रगति गणवीर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री पूनम बरकड़े के संयुक्त मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अनूठी पहल के माध्यम से पहली बार ब्लॉक स्तर पर इतने व्यापक पैमाने पर ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया गया, जिसकी क्षेत्र के पालकों और शिक्षाविदों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नवनियुक्त डीएसपी श्री हेमंत कुमार और नवनियुक्त डीएसपी श्री हर्ष राठौर ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियों को साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को कैरियर निर्माण तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं एसडीएम सुश्री गणवीर ने मेधावियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी पहल से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना विकसित होती है। अतिथियों द्वारा कक्षा 12वीं की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाली खुशबू झारिया, पंकज चंदेल, शैलजा विश्वकर्मा, भावनी बर्मन, देवकरण चंदेले तथा कक्षा 10वीं के मेधावी छात्र महेश कुमार परस्ते, रितिका साहू, अलविया खान, जयश्री बर्मन और हिना को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# गेहूं खरीदी व्यवस्था से नाराज किसान, 5 दिन का अल्टीमेटम

**जबलपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने शुक्रवार को भारतीय किसान संघ जबलपुरके नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरीको दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 5 दिनों में सुधार नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटैलने बताया कि सैटेलाइट सर्वे के कारण पंजीयन में गड़बड़ी हुई है, जिससे छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग देर से शुरू हुई। अभी केवल छोटे किसानों की खरीदी हो रही है, जबकि 2 हेक्टेयर से अधिक जमीन वाले मंझोले और बड़े किसानों की खरीदी शुरू नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि इन किसानों की खरीदी तुरंत शुरू की जाए और खरीदी केंद्रों पर रोजाना तुलाई की मात्रा 3000 क्विंटल बढ़ाई जाए। साथ ही स्लॉट बुकिंग की तारीख 20 मई और खरीदी की अंतिम तारीख 31 मई तक बढ़ाई जाए।कुंडम तहसील से आए किसानों ने तिलसानी में नया खरीदी केंद्र खोलने की मांग भी रखी।

जिला सह मंत्री और पाटन के किसान सुनील पटैलने कहा कि सरकार को अपने वादे के अनुसार पंजीकृत सभी किसानों से गेहूं और चना का एक-एक दाना खरीदना चाहिए।पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटैलऔर शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहूने बढ़ती गर्मी को देखते हुए खरीदी केंद्रों पर साफ पेयजल, चिकित्सा सुविधा और टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था करने की मांग की।इस दौरान अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटैल, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद कुर्मी, जिला प्रचार प्रमुख भरत पटैल, सुजीत पटैल, विनय पटैल, निषांत पटैल, सुखविंदर सिंह, मनोज पटैल, सुनील पटैल, सरपंच घनश्याम सिंह, देवीदीन सेन, अजय पटैलसहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### युवक पर प्राणघातक हमला

जबलपुर। अधारताल थाना अतंर्गत महाराजपुर व्हीकल मोड़ के पास खड़े होकर अपने दोस्त से बात कर रहे एक युवक पर तीन बदमाशों ने प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया।अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वेलकम कालोनी निवासी 26 वर्षीय फोटोग्राफर अभिषेक पांडे गत रात 11.10 बजे महाराजपुर व्हीकल मोड़ शराब दुकान के पास स्थित किराना दुकान से सामान लेने गया था, तभी उसका दोस्त मिला जिससे वह बात करने लगा। उसी समय शुभम मिश्रा अपने दो दोस्तों के साथ आया और उससे बोला कि तू बहुत उड़ रहा है कहते हुए गालियां देने लगा, मना करने पर तीनों ने मारपीट की और शुभम ने चाकू से उस पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नगर निगम साधारण सभा में 19 में से 18 प्रस्ताव पारित, 97 करोड़ के टेंडर को मंजूरी

**जबलपुर।** नगर निगम की साधारण सम्मिलन बैठक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छता और नामकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

सदन में प्रस्तुत 19 में से 18 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर ने कहा कि यह पार्षदों के बीच विकास के प्रति साझा दृष्टिकोण और सकारात्मक सहयोग को दर्शाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रस्ताव में पार्षदों की भूमिका सर्वोपरि है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 97 करोड़ रुपये की लागत से स्वास्थ्य विभाग का टेंडर शीघ्र जारी करने का निर्णय लिया गया। इससे शहर की सफाई व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित प्रस्ताव को भी बहुमत से पारित किया गया, जिसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके अलावा शहर के विभिन्न मार्गों और स्थानों के नामकरण से जुड़े प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिनमें अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग, मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज मार्ग, काशीनाथ शर्मा मार्ग, जस्टिस राज कृष्ण तन्खा मार्ग सहित अनेक नामकरण शामिल हैं। महापौर ने कहा कि यह निर्णय शहर की विरासत, पहचान और विकास को एक साथ आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जबलपुर के विकास और स्वच्छता को "नई उड़ान" मिलेगी।



# सामाजिक समरसता संत यात्रा का किया स्वागत, गूंजे एकता के नारे

**मझौली।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा महाकौशल प्रांत में निकाली जा रही सामाजिक समरसता संत यात्रा का सोमवार को मझौली प्रखंड में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सभी समाज के वर्गों द्वारा उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया गया। गोसलपुर प्रखंड में जिला सुरक्षा प्रमुख मोटी दुबे, धर्म सह-प्रसार प्रमुख मनीष साहू एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान "जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सामाजिक एकता और समरसता बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया तथा छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया गया। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के आशीर्वचन भी प्राप्त हुए। इस अवसर पर सामाजिक समरसता प्रमुख संतोष चौबे, जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा, सचिन पांडे, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष अंजली पांडे, उपाध्यक्ष अजय कनकने, रामस्वरूप समित, गोलू पांडे, नितिन ठाकुर, भूरा कुशवाहा, प्रहलाद कुशवाहा, आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ: कथा में राम विवाह प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु





फोटो मझौली

**मझौली।** ग्राम पंचायत इंद्राना कापा में आयोजित भव्य 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चल रहे इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया है। प्रतिदिन आयोजित हो रही श्री राम कथा में कथा वाचक सीता शरण जू महाराज (सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़) द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। आज की कथा में शिव धनुष भंग, सीता स्वयंवर एवं राम विवाह का प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथा के दौरान महाराज श्री ने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और धर्म का प्रतीक है तथा धनुष भंग और विवाह प्रसंग धर्म, सत्य और प्रेम की विजय का संदेश देता है। इस आयोजन का श्रेय लोढ़ा पहाड़ वाले दादा जी की असीम कृपा को दिया जा रहा है, जिनकी प्रेरणा से यह महायज्ञ सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर हवन, पूजन एवं कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा यज्ञ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे इंद्राना कापा ग्राम पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है।

# एयरपोर्ट पर आपात स्थिति से निपटने मंथन

**जबलपुर।**

जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर आज सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने की। एरोड्रम कमेटी की इस उच्च स्तरीय बैठक में एयरपोर्ट डायरेक्टर सहित समिति के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैधानिक हस्तक्षेप को रोकना और सुरक्षा व्यवस्थाओं को अभेद्य बनाना रहा। इस दौरान एयरपोर्ट सुरक्षा से जुड़े विभिन्न उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी अवांछित घटना की स्थिति में जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी के बीच त्वरित समन्वय स्थापित रहे, ताकि तत्काल प्रभाव से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके। उड्डयन सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत नागरिक सुरक्षा और हाईजैकिंग जैसे गंभीर घटनाक्रमों के प्रबंधन के लिए गठित चार प्रमुख समितियों में से एरोड्रम कमेटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**एरोड्रम कमेटी की उच्च स्तरीय बैठक हुई**

बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि यदि भविष्य में कभी भी ऐसी कोई आपातकालीन स्थिति निर्मित होती है, तो एटीसी से सूचना प्राप्त होते ही यह कमेटी बिना किसी विलंब के सक्रिय हो जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा, त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य अनिवार्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्राथमिकता रहेगी। यह समिति संकट के समय जिला प्रशासन और उड्डयन विभाग के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को हर हाल में बरकरार रखा जा सके।

# संतों के आशीर्वाद से हर मुश्किल आसान

## भक्ति भाव से मनाया गया पंचम पुण्य स्मरण दिवस

**शहपुरा।** कुलौन शहपुरा स्थित नरसिंह मंदिर सिद्धाघाट में गोलोकवासी महंत श्री नंदकिशोरदास जी महाराज का पंचम पुण्य स्मरण दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम परम पूज्य जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महंत प्रकाशानंद जी महाराज, श्रीराम भारती सहित अन्य संत महात्माओं की उपस्थिति रही। पूजन-अर्चन, अभिषेक एवं संत उद्बोधन के पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलौन, शहपुरा, छरपट, पाटन, जबलपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर विधायक नीरज सिंह सहित अमित तेहनगुरिया, सुभाष सिंह, संदीप जैन (गुड्डा), रंजीत सिंह, राधवेंद्र यादव (लालू), राजेन्द्र प्यासी, लोकराम कोरी, विध्येश भापकर, रामसिंह, दशरथ सिंह, ओमकार सिंह, लवकुश सिंह, गुरुवेंद्र सिंह, बारू बर्मन, जितेन पटेल, रघुवीर पटेल, रोहित पटेल एवं प्रवीण चतुर्वेदी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



संतों ने अपने उद्बोधन में कहा कि संतों के आशीर्वाद से जीवन की कठिनाइयाँ सरल हो जाती हैं तथा धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार में संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

## पीडियाट्रिक सर्जन डॉ.रैना का महाप्रयाण

# देहदान कर पेश की सेवा की सर्वोच्च मिसाल

**जबलपुर,** । चिकित्सा जगत में 'मरीज प्रथम' के संकल्प को जीने वाले विख्यात पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. बी.के. रैना का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया, लेकिन उनका जीवन और उनके अंतिम संस्कार की गरिमा समाज के लिए युगों तक प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. रैना ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी मानवता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को दान कर समर्पण की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो विरले ही देखने को मिलती है।उनके इस महान संकल्प और समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा को देखते हुए उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इस भावुक क्षण पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. रैना का व्यक्तित्व समाज को सदैव एक नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने देहदान जैसे कठिन और पुनीत संकल्प को पूर्ण कर खुद को अमर कर लिया है।डॉ. रैना के अंतिम सफर में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. प्रदीप कसार, अधीक्षक अरविंद शर्मा और डॉ. राजेश तिवारी सहित चिकित्सा जगत की तमाम बड़ी हस्तियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। उनके सहयोगियों ने उन्हें एक ऐसे मार्गदर्शक के रूप में याद किया जिन्होंने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अपना जीवन खपा दिया, बल्कि मृत्यु के पश्चात भी आने वाली पीढ़ी के चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन का मार्ग प्रशस्त किया।




**श्री महेंद्र पासी-** सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री नरेश पासी के पुत्र श्री महेंद्र पासी (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी सोनी-** कोतवाली वार्ड निवासी श्री मनीराम सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी सोनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरजू यादव-** उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री सरजू यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र सिंह-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री वीरेंद्र सिंह (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मैना बाई चक्रवर्ती-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री सोने लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती मैना बाई चक्रवर्ती (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद सरीन-** दत्त टावर नेपियर टाउन निवासी श्री विनोद सरीन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश अहिरवार-** सिद्धबाबा वार्ड पानी की टंकी के पास निवासी श्री मूलचंद अहिरवार के पुत्र श्री मुकेश अहिरवार (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रमिला वर्मा-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री प्रहलाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला वर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु श्रीवास-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री विष्णु श्रीवास (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गौरी बाई बर्मन-** लडिय़ा मोहल्ला सूपाताल निवासी श्री छब्बी लाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती गौरी बाई बर्मन (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक का मुनाफा रिकॉर्ड 5,033 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में मुनाफा 5,033 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 3,003 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। जस्ता और चांदी की ऊंची कीमतों तथा उत्पादन बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा।

### भूमि अधिग्रहण में देरी से राजमार्ग निर्माण पिछड़ा



**नई दिल्ली।** देश में वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 9,380 किलोमीटर रहा, जो 10,000 किलोमीटर के लक्ष्य से कम है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लक्ष्य से पीछे रहने का मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में देरी और अन्य मंजूरियां मिलने में समय लगना रहा।

### शैलेट होटल्स 171 करोड़ में उदयपुर का रिसॉर्ट खरीदेगी




**नई दिल्ली।** शैलेट होटल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 171 करोड़ रुपये के कुल मूल्य पर सीजन्स होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। सीजन्स होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के पास उदयपुर में 144 कमरों वाला 'इंडर रेजिडेंसी रिजॉर्ट एंड स्पा' है। सूचना में कहा कि यह अधिग्रहण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

### यूनिटेक के नामित निदेशक उमा ने दिया इस्तीफा




**नई दिल्ली।** रियल्टी फर्म यूनिटेक लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसके नामित निदेशक उमा शंकर ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। यूनिटेक ने शेयर बाजार को बताया कि नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) उमा शंकर ने ''सात मार्च, 2026 से कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है।'कहा कि ऐसा ''पूरी तरह से अनजाने में'' हुआ।

### प्लेसिंपल का आईपीओ लाने सेबी में दस्तावेज दाखिल




**नई दिल्ली।** स्वीडन की गेमिंग कंपनी मॉडर्न टाइम्स ग्रुप एमटीजी एबी की पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय अनुषंगी कंपनी प्लेसिंपल गेम्स लिमिटेड ने 3,150 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए बाजार नियामक के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। यह आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकशपर आधारित होगा।

### टाटा कैपिटल के लाभ में 43 प्रतिशत का उछाल




**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 1,502 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट से जुड़े जोखिमों को देखते हुए वह सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले उद्यमों को ऋण वितरण में अतिरिक्त सावधानी बरत रही है। 2024-25 की समान तिमाही में 1,052 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था, जबकि 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में टाटा कैपिटल का शुद्ध लाभ 1,257 करोड़ रुपये था।

# अब सोने पर लोन के नियम बदले, बैंक पर होगी कड़ी निगरानी, बड़ा बदलाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कहा जाता है कि मुश्किल समय में साथ देने वाला या तो अपना होता है या सोना। ऐसे समय में सोना ही वह सबसे भरोसेमंद संपत्ति है जिसे तुरंत नकदी में बदला जा सकता है।

- अब छोटे लोन पर ज्यादा लोन वैल्यू मिलेगा

इसी को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने वर्ष 2026 में गोल्ड लोन नियमों में बड़े और क्रांतिकारी बदलाव किए हैं, जो आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। नए नियमों के अनुसार अब छोटे लोन पर ज्यादा लोन वैल्यू मिलेगा। 2.5 लाख रुपए तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक, 5 लाख रुपए तक 80 प्रतिशत और उससे ज्यादा राशि पर 75 प्रतिशत तक ही लोन मिलेगा। इससे छोटे कर्ज लेने वालों को फायदा होगा, लेकिन बड़े कर्ज लेने वालों को पहले की तुलना में कम अमाउंट मिल सकती है।

## 2.5 लाख रुपए तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक लोन

### गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदनें में नहीं होगा

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदने के लिए नहीं किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल केवल मेडिकल इमरजेंसी या व्यापारिक जरूरतों के लिए ही किया जा सकेगा। आरबीआई का मकसद फाइनेंशियल रिस्क को कम करना और सिस्टम को ज्यादा सुरक्षित बनाना है।



### अब केवल सोने का वजन माना जाएगा

सोने की वैल्यू तय करने में भी पारदर्शिता बढ़ाई गई है। अब केवल सोने का वजन ही माना जाएगा, उसमें लगे पत्थरों की कीमत शामिल नहीं होगी। साथ ही पिछले 30 दिनों की औसत कीमत या मौजूदा कीमत में जो कम होगी, उसी के आधार पर लोन मिलेगा। लोन चुकाने के बाद बैंक को 7 वर्किंग डेज के अंदर सोना वापस करना जरूरी होगा। अगर देरी होती है तो बैंक को रोजाना 5,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा।

### ज्यादा लोन लेने वालों की होगी क्रेडिट जांच

अब 2.5 लाख रुपए से ज्यादा लोन लेने वालों की क्रेडिट जांच जरूरी होगी। बैंक यह भी देखेंगे कि ग्राहक लोन चुकाने में सक्षम है या नहीं। वहीं छोटे लोन पर यह प्रक्रिया आसान रहेगी। गोल्ड लोन की 'बुलेट रीपेमेंट' सिस्टम में अब मैक्सिमम 12 महीने की सीमा तय कर दी गई है यानी ब्याज और मूलधन एक साथ चुकाने की सुविधा सीमित समय तक ही रहेगी। पुराने लोन को बार-बार बिना ब्याज चुकाए रिन्यू नहीं किया जा सकेगा।

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एसबीआई के कार्यक्रम में कहा

# घरेलू खपत से वृद्धि को मिल रही मजबूती जीडीपी के लिए पूर्वानुमानित समर्थन जरूरी

एजेंसी ⏭ पुणे

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू खपत देश की आर्थिक वृद्धि को गति दे रही है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के विस्तार की रफ्तार बनाए रखने के लिए स्थिर और पूर्वानुमानित नीतिगत समर्थन आवश्यक है।

सीतारमण ने यहां एसबीआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है कि क्या बैंकों द्वारा तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने के लिए विशेष वितरण गठजोड़ की अनुमति दी जाए या 'खुली संरचना' का दृष्टिकोण अपनाया जाए। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि जैसे-जैसे वे वैश्विक और डिजिटल हो रहे हैं, वे ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आईडीबीआई बैंक की विनिवेश प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### घरेलू बाजार की खपत हमारी वृद्धि बनाए रखने में सक्षम

वित्त मंत्री ने कहा, ''घरेलू बाजार से आने वाली खपत ही हमारी वृद्धि को बनाए रखने में सक्षम है, जो अभी भी दुनिया में सबसे तेज है।'' उन्होंने कहा कि वृद्धि प्रक्रिया जारी रखने के लिए खपत आवश्यक है, लेकिन इसके लिए पूर्वानुमानित नीतियों का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### अमेरिकी झटके के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना

*सीतारमण ने कहा, ''अगर हमारे घरेलू विनिर्माण, कृषि विकास, पर्यटन, आईटी और संबंधित सेवा क्षेत्र को निरंतर और पूर्वानुमानित समर्थन नहीं दिया जाता, भारत की वृद्धि गाथा को बनाए रखना मुश्किल होगा। निर्यात के महत्व पर चर्चा करते हुए सीतारमण ने पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी शुल्क जैसे झटकों के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना की।*



- बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है
- तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने विशेष गठजोड़ की अनुमति मिले




### एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट

तीसरे पक्ष के उत्पादों की बिक्री के लिए 'खुली संरचना' के सवाल पर उन्होंने बताया कि आईबीए के तहत एक समिति इसकी समीक्षा कर रही है। वित्त मंत्री की इस टिप्पणी के बाद एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई, जो प्रीमियम के लिए अपने मूल बैंक पर निर्भर है।

### तकनीकी बदलाव पर मिलकर करे काम

एन्थ्रोपिक के एआई मॉडल 'माइथोस' द्वारा लाए जा रहे तकनीकी बदलावों के बीच वित्त मंत्री ने कहा कि बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में इस संबंध में बैंकों के साथ बैठक हुई। सभी ऋणदाताओं को एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी के नेतृत्व में इस पर मिलकर काम करने को कहा गया है।

### निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे

वित्त मंत्री ने कहा कि निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे हैं। पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को नीतिगत समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच चीजें बहुत गतिशील हैं। बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता पर इस संकट के प्रभाव से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि एनपीए कई दशकों के निचले स्तर पर है।

### बैंक ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखें

सीतारमण ने इस बात पर भी जोर दिया कि डिजिटल प्रगति के बीच बैंकों को ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग में मानवीय तत्व ही समावेशन की भावना है। उन्होंने बैंकों से आत्ममंथन करने को कहा कि कहीं डिजिटलीकरण की दौड़ में वे ग्राहकों से दूर तो नहीं हो रहे हैं।

# टेस्ला भारत में सुपरचार्जिंग नेटवर्क का करेगी विस्तार

- कंपनी ने हाल में अपने वाहन भारत में पेश किए
- ग्राहकों की बैटरी खत्म करने की चिंता को कम करेगी




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला भारत में अपने कारोबार को मजबूत करके के उद्देश्य से अपनी चार्जिंग सुविधा का विस्तार करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को यह बात कही।

कंपनी ने हाल ही में भारत में अपने वाहन पेश किए हैं और अब वह ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता को कम करने के लिए चार्जिंग केंद्रों की संख्या बढ़ा रही है। टेस्ला ने हाल ही में 'मॉडल वाई' के साथ भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद बुधवार को उसने अपना दूसरा मॉडल 'मॉडल वाईएल' पेश किया, जो तीन पंक्तियों और छह सीटों वाला वाहन है और जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। साथ ही कंपनी ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता दूर करने के लिए चार्जिंग सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल भारत में कंपनी के पांच तेज चार्जिंग केंद्र हैं, जिन्हें ऐसे स्थानों पर बनाया गया है जहां लोग काम, खरीदारी, भोजन और यात्रा के लिए जाते हैं।

अग्रवाल ने कहा कि आने वाले महीनों में दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में नए चार्जिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन स्थानों पर तेज चार्जिंग के साथ-साथ अन्य चार्जिंग सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लोगों को वाहन चार्ज करने में आसानी होगी।

### कंपनी के विश्वभर में 8,100 से अधिक चार्जिंग नेटवर्क

*अग्रवाल ने कहा कि टेस्ला केवल कार ही नहीं बनाती, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा चार्जिंग नेटवर्क भी तैयार कर चुकी है। कंपनी के पास विश्वभर में 8,100 से अधिक चार्जिंग केंद्र और 80,000 से ज्यादा तेज चार्जिंग उपकरण हैं।*

# डॉलर के मजबूत होने से सोना, चांदी में गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- चांदी 3000 रुपए घटकर 2,47,000 रुपए किलो हुई
- सोना 200 रुपए लुढ़ककर 1,55,900 रुपए प्रति दस ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मज़बूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 रुपये और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने पर दबाव बना रहा और यह दो सप्ताह के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। इसमें नकारात्मक रुझान देखने को मिला, क्योंकि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाज़ार का माहौल सतर्क बना हुआ है।'' गांधी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में चल रहे गतिरोध के कारण ऊर्जा की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गई हैं।

### डॉलर इंडेक्स ने इस हफ्ते दर्ज की बढ़त

डॉलर इंडेक्स लगातार तीन हफ़्तों की गिरावट के बाद इस हफ़्ते बढ़त दर्ज करने की राह पर है, जिससे सोने जैसी बिना किसी लाभ देने वाली संपत्तियों का आकर्षण कम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में, हाजिर सोने की कीमत में मामूली बढ़त दर्ज की गई और यह 4,708.17 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

# सेबी ने ब्रोकरों की शुद्ध संपत्ति की गणना के लिए दिया नया प्रस्ताव

- मकसद ब्रोकरों के पास जोखिम के हिसाब से पर्याप्त पैसा रहे
- ब्रोकर ग्राहकों का पैसा सीधे समाशोधन निगम को भेजते हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को स्टॉक ब्रोकरों के लिए पूंजी की गणना के नियमों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ब्रोकरों के पास उनकी कारोबारी गतिविधियों और जोखिम के हिसाब से पर्याप्त पैसा उपलब्ध रहे।

यह प्रस्ताव उस नई व्यवस्था के बाद आया है, जिसके तहत ब्रोकर ग्राहकों का पैसा सीधे समाशोधन निगम को भेजते हैं। इससे ब्रोकरों के पास बहुत कम ग्राहक फंड बचता है और मौजूदा गणना प्रणाली की उपयोगिता घट गई है। वर्तमान नियमों के अनुसार, 2022 में किए गए बदलाव के तहत ब्रोकर के पास पिछले छह महीनों में ग्राहकों का जो औसत नकद शेष रहता है, उसका 10 प्रतिशत जोड़कर उनकी परिवर्तनशील शुद्ध संपत्ति तय की जाती है। ब्रोकरों को आधारभूत शुद्ध पूंजी या परिवर्तनशील शुद्ध संपत्ति में से जो अधिक हो, उसे बनाए रखना होता है।

### 50 हजार सक्रिय ग्राहक पर 50 लाख अतिरिक्त रखना होगा

*प्रत्यक्ष ग्राहकों के मामले में, जिन ब्रोकरों के पास 10,000 से अधिक और 50,000 तक सक्रिय ग्राहक होंगे, उन्हें 50 लाख रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। इसके बाद प्रत्येक अतिरिक्त 50,000 ग्राहकों या उसके आंशिक हिस्से पर 50 लाख रुपये की और आवश्यकता होगी। सेबी ने इस प्रस्ताव पर 15 मई तक आम जनता से सुझाव आमंत्रित किए हैं।*

### पाकिस्तान ने यूएई को 3.45 अरब डॉलर का पूरा कर्ज लौटाया

**इस्लामाबाद।** वित्तीय संकट में घिरे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को बकाया 3.45 अरब अमेरिकी डॉलर का पूरा कर्ज लौटा दिया है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने कहा कि यह भुगतान 23 अप्रैल को पूरा किया गया। एक अरब डॉलर की राशि अबू धाबी फंड फॉर डेवलपमेंट को चुकाई गई, जबकि 2.45 अरब डॉलर का भुगतान पिछले सप्ताह कर दिया गया था। एसबीपी ने कहा कि इसके साथ ही यूएई को कुल 3.45 अरब डॉलर की जमा राशि की वापसी पूरी हो गई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पाकिस्तान को हाल ही में सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की वित्तीय सहायता मिली है। यह राशि दो किस्तों में आई, जिसमें दूसरी किस्त के रूप में एक अरब डॉलर 21 अप्रैल को प्राप्त हुए। पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर अमेरिका-इजराइल के साथ बढ़े तनाव के बाद यूएई ने पाकिस्तान से यह धन तत्काल लौटाने को कहा था। यह राशि 2019 में यूएई द्वारा पाकिस्तान को उसके भुगतान संतुलन को स्थिर करने के लिए दी गई बाहरी वित्तीय सहायता का हिस्सा थी। इससे पहले मार्च में पाकिस्तान यूएई के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर की जमा राशि को आगे बढ़ाने (रोलओवर) का समझौता करने में नाकाम रहा था, जिससे अल्पकालिक वित्तीय स्थिति को लेकर चिंता बढ़ी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) समर्थित सुधार कार्यक्रम के तहत स्थिरता के प्रयास जारी हैं, लेकिन ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक पूंजी बाजार की सीमित उपलब्धता के बीच बाहरी वित्तीय जोखिम अभी भी एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

## अतुल ऑटो की एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ साझेदारी

एजेंसी ⏭ मुंबई

- तेज चार्जिंग वाले तिपहिया वाहनों का विकास किया जाएगा

तिपहिया विनिर्माता अतुल ऑटो ने शुक्रवार को एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत तेज चार्जिंग वाले इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का संयुक्त रूप से विकास और तैनाती की जाएगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि अगले तीन वर्षों में 15,000 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों को बाजार में उतारने का लक्ष्य रखा गया है। इस साझेदारी के तहत अतुल ऑटो के वाहनों में एक्सपोनेंट एनर्जी का तिपहिया प्लेटफॉर्म 'ओटीओ' जोड़ा जाएगा, जिसमें बैटरी तकनीक, पावरट्रेन सिस्टम और वाहन सॉफ्टवेयर का एकीकृत ढांचा शामिल है।

कंपनी ने दावा किया कि उसकी प्रौद्योगिकी के जरिए बैटरी को 15 मिनट में पूरी तरह चार्ज किया जा सकता है, जो वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वैश्विक स्तर पर चार्जिंग के सबसे तेज समय में से एक है।

कंपनी इस प्रणाली के साथ दो लाख किलोमीटर की वारंटी दे रही है, जिससे बैटरी की आयु और पुनर्विक्रय मूल्य से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 2.36 अरब डॉलर की बढ़ोतरी



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 703.30 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद के हफ्तों में भंडार में गिरावट देखी गई जिसका मुख्य कारण 28 फरवरी 2026 के आसपास शुरू हुआ पश्चिम एशिया संघर्ष था। बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता ने भारतीय रुपये पर दबाव डाला जिससे आरबीआई को डॉलर की बिक्री के माध्यम से विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा।

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने लॉजिस्टिक सम्मेलन में कहा

# राजमार्गों पर दिसंबर से बाधा-मुक्त टोल प्रणाली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि देश के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिसंबर तक बिना रुकावट के टोल वसूली की नई व्यवस्था लागू की जाएगी।

- ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाकर परिवहन लागत घटाना जरूरी

गडकरी ने 'लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवॉर्ड्स 2026' के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाकर परिवहन लागत घटाना जरूरी है। गडकरी ने कहा कि इस नई प्रणाली के तहत वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी।

### आर्थिक गलियारों से परिवहन लागत घटी

गडकरी ने बताया कि हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से परिवहन लागत 16 प्रतिशत से घटकर लगभग 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप में यह लागत करीब 12 प्रतिशत है, जबकि चीन में यह आठ से 10 प्रतिशत के बीच है।



### हर साल 22 लाख करोड़ के जीवाश्म ईंधन का आयात

*पश्चिम एशिया के हालात का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत अपनी 87 प्रतिशत तेल जरूरत आयात से पूरी करता है। उन्होंने बताया कि देश हर साल करीब 22 लाख करोड़ रुपये के जीवाश्म ईंधन आयात करता है, जिससे प्रदूषण भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक और जैव ईंधन के उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है।*

### कैमरे व सेंसर के जरिए वाहनों की पहचान

यह व्यवस्था उन्नत प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जिसमें वाहन नंबर पहचानने वाली प्रणाली और फास्टैग जैसी इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था शामिल होगी। इस प्रणाली में तेज गति वाले कैमरे और सेंसर के जरिए वाहनों की पहचान की जाएगी और उसी आधार पर टोल शुल्क अपने आप वसूला जाएगा।

### नियमों का पालन नहीं करने पर डिजिटर नोटिस

मंत्री ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों को डिजिटल रूप से नोटिस भेजा जाएगा। भुगतान नहीं करने पर फास्टैग बंद किया जा सकता है और वाहन से जुड़ी अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है। गडकरी ने कहा कि यदि भारत को वैश्विक शक्ति बनना है, तो उसे अपनी परिवहन लागत को एक अंक में लाना होगा।

### एल्केम लैब के सीईओ गुप्ता का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** एल्केम लैबोरेटरीज लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विकास गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है। गुप्ता ने नए पेशेवर अवसरों की तलाश में इस्तीफा दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि गुप्ता जिम्मेदारियों के सुचारु हस्तांतरण के लिए 30 जून 2026 तक पद पर बने रहेंगे। कंपनी द्वारा साझा किए गए अपने इस्तीफे के पत्र में गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने दीर्घकालिक पेशेवर और व्यक्तिगत लक्ष्यों के अनुरूप नए अवसरों की तलाश के लिए पद छोड़ने का निर्णय लिया है।

## चिंतन

# आम आदमी पार्टी का सबसे कठिन दौर

आम आदमी पार्टी (आप) का वर्तमान संकट केवल कुछ नेताओं के जाने भर की घटना नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक प्रयोग की परीक्षा है, जिसने कभी व्यवस्था परिवर्तन का दावा किया था। आप का यह दौर इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सवाल अब व्यक्तियों से आगे बढ़कर नेतृत्व, विचारधारा और संगठनात्मक ढांचे पर उठने लगे हैं। अब जो चल रहा है वह शीर्ष नेतृत्व की विफलता को दर्शाता है। पार्टी गठन के कुछ समय बाद ही उसके संस्थापक सदस्यों का पार्टी छोड़ना शुरू हो गया था। सबसे पहले पूर्व आईपीएस किरण बेदी पार्टी से अलग हुई, जो पार्टी का बड़ा चेहरा थी। इसके बाद योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, मयंक गांधी, आशुतोष, अंजलि दमानिया और अब राघव चड्ढा समेत पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का पार्टी छोड़ना एक बड़े बिखराव का संकेत है। इनके अलावा भी कई नाम तो लोगों की स्मृतियों से भी गायब हो चुके हैं। सात सांसदों का एक साथ पार्टी छोड़ना कोई बड़ी बात नहीं हैं। राघव चड्ढा और स्वाति मालिवाल को छोड़ दें तो बाकी पांच राज्यसभा सांसदों संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी और राजेंदर गुप्ता को किस आधार पर सांसद बनाया गया, इसका जवाब तो खुद पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के पास भी नहीं होगा। अब इनके भाजपा में जाने पर आप दावा कर रही है कि इन लोगों ने पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात किया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब पंजाब के लोगों ने इन्हें चुना ही नहीं तो विश्वासघात कैसे हुआ। इन्हें तो आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुना है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि आप में बिखराव का दौर शुरू हो चुका है। केजरीवाल का जो आकर्षण 12 साल पहले था, वह अब नहीं रहा। खासतौर पर केजरीवाल अब उन लोगों से ही मिल गए, जिन्हें वह अपनी राजनीति के शुरुआती दौर में कोसते थे। जिस खास मकसद के लिए आप का गठन हुआ, अब वह कहीं नहीं दिखता। आप अपने नाम के मुताबिक आम सी पार्टी बनकर रह गई है। यदि वास्तव में राज्यसभा के कई सांसद एक साथ पार्टी छोड़ने का निर्णय लेते हैं, तो यह संगठनात्मक असंतोष की गहराई को दर्शाता है। यह भी समझना जरूरी है कि आम आदमी पार्टी की सफलता मुख्यतः दिल्ली और पंजाब तक सीमित रही है। राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की जो महत्वाकांक्षा थी, वह जमीन पर साकार नहीं हो सकी। गुजरात, गोवा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में पार्टी ने प्रयास जरूर किए, लेकिन वह स्थायी जनाधार बनाने में विफल रही। इसका कारण केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि स्थानीय नेतृत्व के अभाव और रणनीतिक अस्थिरता भी है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अरविंद केजरीवाल की व्यक्तिगत छवि, जो कभी सादगी और संघर्ष का प्रतीक थी, अब वैसी नहीं रही। सत्ता में आने के बाद जिस तरह के समझौते और राजनीतिक व्यवहार देखने को मिले, उन्होंने उस नैतिक बढ़त को कमजोर किया है, जो पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी थी। अब जरूरी है कि आप का नेतृत्व आत्ममंथन करे, संगठन को विकेंद्रीकृत बनाए और उन मूल सिद्धांतों की ओर लौटे, जिनके आधार पर यह आंदोलन खड़ा हुआ था। अरविंद केजरीवाल को यह समझना होगा कि करिश्मा और केंद्रीकरण के दम पर राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती। यदि पार्टी को बचाना है तो उसे अपने मूल सिद्धांतों पारदर्शिता, आंतरिक लोकतंत्र और जवाबदेही की ओर लौटना ही होगा। अन्यथा, यह संकट एक चेतावनी नहीं बल्कि अंत की शुरुआत साबित हो सकता है।



जागरूकता
डॉ. घनश्याम बादल

# उच्च मतदान और खामोश जनादेश

> तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल दोनों ही राज्यों ने इस बार लोकतंत्र की किताब में एक लंबी रेखा खींच दी है। 80 प्रतिशत से ऊपर का मतदान केवल आंकड़ा नहीं होता, यह जनमानस की बेचैनी, उम्मीदों का प्रतीक है। तमिलनाडु में लगभग 82 से 85 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में करीब 89–90 प्रतिशत मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि यह चुनाव "रूटीन" चुनाव नहीं अपितु निर्णायक जनादेश है, टकरावपूर्ण है और परिणामों को लेकर असाधारण अनिश्चितता से भरा हुआ है। लोकतंत्र की इस ऊंची भागीदारी ने एक बात तो तय कर दी है, सत्ता चाहे जिसके हाथ में जाए, उसे अब "चुनकर आए होने" से ज्यादा "लगातार जवाबदेह रहने" की कड़ी परीक्षा भी देनी होगी।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 23 अप्रैल का दिन और बातों के लिए याद किया जाए ना किया जाए, लेकिन इस बात के लिए ज़रूर याद किया जाएगा कि अब मतदाताओं की जागरूकता उच्चतम स्तर पर है। इसका स्पष्ट प्रमाण है तमिलनाडु एवं बंगाल में हुए उच्च मतदान का प्रतिशत। इतना ऊंचा मतदान प्रतिशत कम ही देखने को मिलता है तो इस उच्च मतदान प्रतिशत का आकलन भी लीक से हटकर ही होगा। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल दोनों ही राज्यों ने इस बार लोकतंत्र की किताब में एक लंबी रेखा खींच दी है। 80 प्रतिशत से ऊपर का मतदान केवल आंकड़ा नहीं होता, यह जनमानस की बेचैनी, उम्मीदों का प्रतीक है। तमिलनाडु में लगभग 82 से 85 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में करीब 89–90 प्रतिशत मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि यह चुनाव "रूटीन" चुनाव नहीं अपितु निर्णायक जनादेश है, टकरावपूर्ण है और परिणामों को लेकर असाधारण अनिश्चितता से भरा हुआ है।

तमिलनाडु की राजनीति पर नजर डालें तो यहां की परंपरा रही है कि सत्ता विरोधी लहर अक्सर चुपचाप बनती है और मतदान के दिन अचानक प्रकट होती है। इस बार का ऊंचा मतदान इसी संभावना को हवा देता है, लेकिन तस्वीर इतनी सीधी भी नहीं है। मुख्यमंत्री स्टालिन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कडगम ने कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय अस्मिता के सहारे अपना एक ठोस आधार खड़ा किया है। दूसरी ओर, पलानी स्वामी की अगुवाई में विपक्ष ने संगठन, जातीय समीकरण और एंटी-इंकम्बेंसी को हथियार बनाया है। सवाल यह है कि 80 प्रतिशत से अधिक मतदान किसके पक्ष में झुका है? इतिहास बताता है कि तमिलनाडु में उच्च मतदान हमेशा सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं रहा, बल्कि कल्याणकारी राजनीति की स्वीकार्यता को भी पुष्ट करता है। महिलाओं, ग्रामीण मतदाताओं और लाभार्थी वर्ग की बड़ी भागीदारी सत्तारूढ़ पक्ष के लिए राहत का संकेत हो सकती है। यही वह "साइलेंट वोटर" है, जो कैमरों से दूर रहता है, लेकिन ईवीएम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। इसलिए इस चुनाव में सीधी लहर की बजाय "माइक्रो-स्विंग" निर्णायक भूमिका निभाएगा। तमिलनाडु में मुकाबला भले ही कड़ा हो, लेकिन बढ़त सत्तारूढ़ खेमे की तरफ झुकी दिखती है। विभिन्न सर्वे एवं आकलनों के अनुसार द्रमुक गठबंधन को लगभग 120 से 145 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन 80 से 105 सीटों के बीच सिमट सकता है। अन्य दल 5 से 10 सीटों के दायरे में रह सकते हैं। यह परिणाम किसी सुनामी का नहीं, बल्कि एक नियंत्रित बढ़त का संकेत होगा, जहां सत्ता विरोधी भावनाएं मौजूद हैं, पर वे निर्णायक रूप से सत्ता पलटने लायक नहीं बन पाईं। इसका दूसरा निहितार्थ यह भी है कि केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा पूरा जोर लगाने के बावजूद भी तमिलनाडु की जनता भले ही स्टालिन और डीएमके के नंबर काटे मगर सत्ता की बागडोर उन्हीं के हाथों रहेगी। वैसे एक संभावना यह भी बनती है कि दोनों ही गठबंधन इतने पास-पास हो कि जनादेश एक तरफ धरा रह जाए और जोड़-तोड़ की राजनीति के माहिर सत्ता की लगाम अपने हाथों में ले लें। अब वर्तमान राजनीति के सबसे गम बिंदु पश्चिम बंगाल की बात करें तो वहां राजनीति हमेशा



तापमान के चरम पर चलती है। लगभग 90 प्रतिशत मतदान केवल उत्साह नहीं, बल्कि ध्रुवीकरण की पराकाष्ठा का संकेत है। यहां हर वोट के पीछे एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश छिपा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने अपने 15 वर्ष के शासन में ग्रामीण नेटवर्क, महिला मतदाताओं और क्षेत्रीय पहचान को अपने पक्ष में मजबूत किया है, जबकि भाजपा ने आक्रामक चुनावी रणनीति, केंद्रीय मुद्दों और संगठनात्मक विस्तार के जरिए मुकाबले को द्विध्रुवीय बना दिया है। बंगाल में इतना भारी मतदान दो तरह की संभावनाएं पैदा करता है। एक, यह सत्ता के खिलाफ असंतोष का विस्फोट हो सकता है; दो, यह सत्तारूढ़ दल की मजबूत ज़मीनी पकड़ का प्रमाण भी हो सकता है, जिसने हर मतदाता को बूथ तक पहुंचाया। फर्क सिर्फ इतना है कि किसकी "मोबिलाइजेशन मशीन" ज्यादा प्रभावी रही। बंगाल का इतिहास बताता है कि यहां का उच्च मतदान अक्सर सत्तारूढ़ दल के पक्ष में भी जाता है, क्योंकि उसका कैडर नेटवर्क ज्यादा संगठित और आक्रामक होता है। इस पृष्ठभूमि में यदि विभिन्न एजेंसियों के आकलन की बात की जाए तो बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही है, लेकिन यह बढ़त आरामदेह नहीं होगी। उसे 140 से 170 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा 110 से 140 सीटों के बीच कड़ी टक्कर देती नजर आ रही है। वाम-कांग्रेस गठबंधन हाशिये पर सिमटकर 5 से 15 सीटों तक सीमित रह सकता है। यह परिणाम बताता है कि बंगाल में "लड़ाई खत्म नहीं हुई", बल्कि और तेज हो गई है। एक और बात इन चुनाव में ओवैसी और हुमायूं कबीर के प्रभाव के चलते मुस्लिम मतदाता भी परिणाम को काफी हद तक प्रभावित करेंगे। दोनों राज्यों के मतदान प्रतिशत को एक साथ रखकर देखें तो एक दिलचस्प समानता सामने आती है,उच्च मतदान ने सत्ता के खिलाफ असंतोष को पूरी तरह निर्णायक नहीं बनने दिया, लेकिन उसे पूरी तरह दबाया भी नहीं। यह स्थिति भारतीय लोकतंत्र की उस जटिलता को दर्शाती है, जहां मतदाता एक साथ दो संदेश देता है-"हम संतुष्ट नहीं हैं" और "हम पूरी तरह असंतुष्ट भी नहीं हैं।" सार रूप में कहें तो यह चुनाव परिणाम "जनादेश की गूंज" से ज्यादा "जनभावना की खामोश सरसराहट" होंगे। तमिलनाडु में यह सरसराहट सत्तारूढ़ द्रविड़ राजनीति के पक्ष में झुकी हुई है, जबकि बंगाल में यह दो ध्रुवों के बीच बंटी हुई है, जहाँ हर सीट पर संघर्ष आखिरी वोट तक जाएगा।

अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस बार के चुनावों ने राजनीतिक दलों को एक स्पष्ट संदेश दिया है- मतदाता अब केवल नारों से संतुष्ट नहीं होता, वह भागीदारी चाहता है, परिणाम चाहता है और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए घर से बाहर निकलने को तैयार है। 80 और 90 प्रतिशत के आंकड़े इसी जागरूकता के प्रमाण हैं। आकलन के अनुसार तो तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन सत्ता में वापसी करता दिख रहा है और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस फिर से सरकार बनाती नजर आ रही है लेकिन भाजपा भी कड़े और आक्रामक विपक्ष के रूप में इन दोनों राज्यों में खुद को स्थापित करती हुई दिखाई दे रही है। वैसे एक और बड़ा सत्य यह भी है कि भारतीय मतदाता के मन की तरह कभी कोई सर्वे एजेंसी या चुनावी सर्वेक्षण के एग्जिट पोल अथवा प्री पोल पकड़ ही नहीं पाए हैं। सारे आकलन एक तरफ और मतदाता का जनादेश एक तरफ होते रहे हैं। यदि इस बार भी ऐसा हो जाए तो आश्चर्य नहीं। लोकतंत्र की इस ऊंची भागीदारी ने एक बात तो तय कर दी है, सत्ता चाहे जिसके हाथ में जाए, उसे अब "चुनकर आए होने" से ज्यादा "लगातार जवाबदेह रहने" की कड़ी परीक्षा भी देनी होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कनिपकम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुपति से लगभग 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित भारत के प्राचीन गणेश मंदिर में से एक है, जो अपनी ऐतिहासिक संरचना और आंतरिक डिजाइन के लिए जाना जाता है। भगवान गणेश जी को समर्पित कनिपकम विनायक मंदिर का निर्माण चोल राजा कुलोथिंग्स चोल प्रथम ने 11वीं शताब्दी में लोगों के बीच विवाद को सुलझाने और बुराई को खत्म करने के लिए किया था।


## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

## योजना बनाकर किए काम में सफलता संभव



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

विश्व मलेरिया दिवस
बाल मुकुन्द ओझा



# मलेरिया के खिलाफ एकजुट प्रयास जरूरी

विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के लाखों मामले सामने आते हैं। मलेरिया से मरने वालों की संख्या भी काफी ज्यादा होती है। विश्व मलेरिया दिवस हर साल एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल 2026 की थीम मलेरिया के खिलाफ एकजुट रखी गई है। यह थीम कार्रवाई करने और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध साधनों और रणनीतियों का उपयोग करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस थीम के पीछे का मकसद लोगों को मलेरिया से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए जागरूक करना है। भारत इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयासशील है। भारत ने हाल के वर्षों में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसके लिए वैश्विक स्तर पर भारत की प्रशंसा की गई है। वैश्विक स्तर पर 2024 में अनुमानित 28.2 करोड़ (282 मिलियन) मलेरिया के मामले और 6,10,000 मौतें दर्ज की गईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 90 लाख अधिक मामले हैं। वर्ष 2000 से अब तक, वैश्विक स्तर पर 2.3 अरब मलेरिया के मामलों और 1.4 करोड़ मौतों को रोका गया है, जिसमें अकेले 2024 में 10 लाख जीवन बचाए गए।

अब तक 47 देशों और एक क्षेत्र को मलेरिया मुक्त दर्जा मिल चुका है, जिसमें 2025 में मिस्र और तिमोर-लेस्ते शामिल हैं। हालांकि अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मलेरिया के सकारात्मक मामलों में तीन साल के औसत की तुलना में 11.91 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि 2024 की इसी अवधि की तुलना में 4.2 प्रतिशत की कमी आई थी। भारत सरकार 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य पर अडिग है और 2027 तक शून्य स्वदेशी मामलों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में अंडे देती है। इस रोग को फैलाने वाले परजीवी को प्लाज्मोडियम कहते है। वहीं गर्मी में मौसमी बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा होने लगता है। ऐसे में हम सभी को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से सतर्कता और जागरूकता रखनी चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए आप अपने घर के आसपास पानी न भरने दें। बारिश के मौसम में किसी भी कंटेनर आदि में पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कूलर को साफ करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हमारे देश में मुख्यतः दो प्रकार का मलेरिया पाया जाता है। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम एवं प्लाज्मोडियम वाइवैक्स। ये मच्छर जब मलेरिया से ग्रसित व्यक्ति को काटता है, तब उसके खून में मौजूद प्लाज्मोडियम को अपने शरीर में खींच लेता है। लगभग आठ से दस दिन तक ये मच्छर मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाता है। यह परजीवी लार के साथ उसके शरीर में प्रवेश कर जाता है, जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी मलेरिया से ग्रसित हो जाता है, इसलिए हमें पूरी सावधानी रखनी होगी।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चुनावी भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा

एक खबर के अनुसार पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू में चुनाव आयोग ने चुनाव पूर्व छापे मारकर लगभग 1072.13 करोड़ रुपए, जिसमें नगदी, शराब और ड्रग्स शामिल हैं, जब्त किए। प्रत्यक्ष रूप से जब करोड़ों के चुनावी भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ है, तब अप्रत्यक्ष रूप से कितना और भ्रष्टाचार होगा, जिसकी कल्पना करना मुश्किल है। बढ़ती भ्रष्ट चुनावी प्रथा जहां चिंतनीय है, वहीं स्वच्छ व कुशल सुशासन जनता को मिले, इसमें भी संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। हद हो गई कि जहां चुनाव में ही अरबों रुपए मय शराब और ड्रग्स के खर्च होते हों, तब राजनीतिक पार्टियों द्वारा देश से भ्रष्टाचार ख़त्म करने और सुशासन लाने की घोषणाएं बेमानी ही लगती हैं।

- अवनी, निजामपुर

## ट्रेंड

### बंगाल की समृद्धि



हर बंगाली के लिए गंगा नदी का विशेष महत्व है। कह सकते हैं कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है। हुगली नदी पर, हमने पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली जनता की समृद्धि के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता



आज अनाकापल्ली जिले में रीन्यू के शिलान्यास ने स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 5,400 करोड़ के निवेश से कंपनी स्वच्छ ऊर्जा से संचालित 6.5 गीगावाट का सौर इनगॉट-वेफर संयंत्र स्थापित कर रही है।

**- एन. चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

### गुजराती झुकेंगे नहीं



आम आदमी पार्टी द्वारा निडर होकर जनता की आवाज़ उठाना और सत्ता में बैठे लोगों को चुनौती देना... शायद कुछ लोगों को यह बर्दाश्त न हो। लेकिन अब गुजरात की जनता ने ठान लिया है कि वे गुंडागर्दी के आगे नहीं झुकेंगे।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### राष्ट्रीय पंचायती राज



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं। भारत की वास्तविक शक्ति उसके गांवों में निहित है, और इसलिए, गांवों का सशक्त विकास ही राष्ट्र की प्रगति का मार्ग है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर


# हिंदू कुश हिमालय में चौथे साल बर्फ की मात्रा कम



एक रिपोर्ट के अनुसार गंगा बेसिन 2026 में सामान्य से अधिक बर्फ वाले 12 क्षेत्रों में शामिल रहा जबकि हिंदू कुश हिमालय में बर्फ की मात्रा लगातार चौथे वर्ष सामान्य से कम रही और पिछले वर्ष के रिकॉर्ड–निम्न स्तर से भी नीचे चली गयी। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' (आईसीआईएमओडी) द्वारा जारी हिंदू कुश हिमालय (एचकेएच) संबंधी एक वार्षिक रिपोर्ट है। आईसीआईएमओडी एचकेएच क्षेत्र में मौसमी हिमपात पर नजर रखता है और नवंबर से मार्च तक शीतकालीन महीनों में बर्फ की स्थिति का आकलन करता है। वर्ष 2003 से 2026 के बीच, एचकेएच क्षेत्र में 14 ऐसी सर्दियां रहीं जब सामान्य से कम बर्फ जमी। यह एक आवर्ती पैटर्न के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति में वृद्धि नजर आयी है। एचकेएच संबंधी अद्यतन रिपोर्ट में कहा गया है, ''2026, लगातार चौथा वर्ष है जब बर्फ की मात्रा सामान्य से कम है। बर्फ की मात्रा औसत से 27 .8 प्रतिशत कम होकर पिछले वर्ष के 23 .6 प्रतिशत के रिकॉर्ड निम्न स्तर से भी कम हो गई।'' इस रिपोर्ट में कहा गया है, ''लगातार हो रही यह गिरावट दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला में मौसमी बर्फ भंडार के कम होने का संकेत देती है।

## ऑफ बीट

# अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, इलाज की जरूरत



अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवतः प्राचीनकाल से ही इनसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है। अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयरॉयड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नजीता होती है, तो उसे सेकेंडरी इंसोमेनिया कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और सेकेंडरी इंसोमेनिया का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एआई के खतरों से निपटने के लिए साथ आएंगे बैंक, एसबीआई करेगा अगुवाई

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के प्रमुखों के साथ एआई से जुड़े जोखिमों पर बैठक के बाद कहा कि भारत के बैंक तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के कारण अब तक चुनौतियों और साइबर खतरों से निपटने में सक्षम रहे हैं, लेकिन अब उभरती नई तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक मजबूत व बहुआयामी तैयारी की जरूरत है।


निर्मला सीतारमण

### एआई का इस्तेमाल चुनौतियों का सामना करने के लिए भी किया जा सकता है

उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह एआई से नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उसी तरह एआई का इस्तेमाल इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भी किया जाएगा। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र मिलकर ऐसी रणनीति तैयार करेंगे, जिससे डिजिटल बैंकिंग प्रणाली को और सुरक्षित बनाया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा था कि भारत की मजबूत राजकोषीय स्थिति और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के पास नीतिगत फैसलों में अधिक लचीलापन है। उन्होंने कहा था कि देश के पास पूंजीगत व्यय कार्यक्रम जारी रखने, जरूरत पड़ने पर ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश रखने और प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित सहायता देने की क्षमता मौजूद है।

### *एन्थ्रोपिक के नए एआई मॉडल मिथोस को लेकर चिंता*

*उन्होंने कहा कि भारत के बैंकिंग तंत्र ने अब तक खुद को सुरक्षित और सक्षम साबित किया है, लेकिन मौजूदा हालात में पारंपरिक सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि मिथोस नाम से सामने आ रही नई चुनौती को लेकर अभी बहुत अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस मामले में टेक कंपनियों, विभिन्न नियामक संस्थाओं और दुनिया भर की सरकारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क में है, ताकि यह समझा जा सके कि यह चुनौती किस रूप में सामने आ सकती है और उससे निपटने के लिए कैसी तैयारी जरूरी होगी। सीतारमण ने कहा कि सभी बैंकों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इस समन्वित प्रयास का नेतृत्व एसबीआई के चेयरमैन करेंगे। आने वाले हफ्तों में बैंकों के बीच लगातार बैठकों और विचार-विमर्श का दौर चलेगा।*

## खबर संक्षेप

### एस्कॉर्ट्स कुबोटा के 3 नए ट्रैक्टर मॉडल लांच

**नई दिल्ली।** एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने प्रीमियम डिजीट्रैक सीरीज का विस्तार करते हुए 3 नए ट्रैक्टर मॉडल लांच किए हैं। डिजीट्रैक पीपी 46आई 4डब्ल्यूडी, डिजीट्रैक पीपी 43आई प्लस और डिजीट्रैक पीपी 41आई एल ये 45-55 एचपी रेंज के ट्रैक्टर हैं। डिजीट्रैक सीरीज में पेश किए गए नए ट्रैक्टर डिजीट्रैक पीपी 46आई 4डब्लूडी, डिजीट्रैक पीपी 43आई प्लस और डिजीट्रैक पीपी 41आई हैं।

### पोको ने पेश की पोको सी81 सीरीज

**बेंगलुरू।** पोको ने भारत में अपनी नई बजट स्मार्टफोन सीरीज - पोको सी 81 और पोको सी81एक्स को आधिकारिक तौर पर लांच कर दिया है। यह सीरीज मुख्य रूप से अपनी बड़ी बैटरी और सस्ती कीमत (9,999 और 10999 रुपए से शुरू) के लिए जानी जा रही है। पोको सी81 में दमदार 6300एमएएच की बैटरी है, जबकि सी81एक्स में 5200एमएएच की बैटरी दी गई है। सी81 में 6.9-इंच और सी81एक्स में 6.88-इंच का डिस्प्ले है।

### सैमसंग ने की एस26 अल्ट्रा के साथ सहयोग की घोषणा

**गुरूग्राम।** सैमसंग ने 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज की आगामी फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' की रिलीज के लिए गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा के साथ एक प्रमुख वैश्विक सहयोग की घोषणा की है। यह साझेदारी 2026 में आने वाली फैशन-आधारित फिल्म के साथ मिलकर द डेविल वियर्स प्राडा 2 यूनिवर्स में फोन की क्षमताओं को दिखाएगी। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा में सर्कल टू सर्च विद गूगल जैसे उन्नत एआई फीचर्स पर जोर दिया गया है।

### कामधेनु मप्र में करेगी उपस्थिति को और मजबूत

**भोपाल।** कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। कामधेनु ने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की उत्पादन क्षमता को 10 फीसदी तक का लक्ष्य रखा है। निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि हम एमपी में प्रीमियम टीएमटी बार, कामधेनु नेक्स्ट की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं।

### एमएंडएम का पेटेंट पोर्टफोलियो 20 गुना बढ़ा

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) में निरंतर निवेश और 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए घोषणा की है। कंपनी को मिलने वाले पेटेंट की संख्या में 20 गुना वृद्धि हुई है। यह वित्त वर्ष 2016 में स्थापना के समय मिले 56 पेटेंट से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 1334 हो गई है। मार्च 2026 तक एमएंडएम द्वारा दायर किए गए आवेदनों की कुल संख्या 2,728 है।

### टेक महिंद्रा का एबिट 7,152 करोड़ रुपए पहुंचा

**मुंबई ।** टेक महिंद्रा ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही एवं वर्ष के लिए समेकित वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। आय 638.5 करोड़ डॉलर रही। एबिटडा 79.7 करोड़ डॉलर ,तिमाही दर तिमाही 290 आधार अंक ऊपर, कर बाद लाभ 53.7 करोड़ डॉलर, मुक्त नकदी प्रवाह 61.6 करोड़ डॉलर, हासिल नए सौदे टीवीसी 379.4 करोड़ डॉलर, साल दर साल 41.6 प्रतिशत अधिक दर्ज हुई।

### 70% तक की छूट, आम की सभी किस्में दरवाजे पर

**बेंगलुरु।** अमेजन ने गर्मी के इस सीजन में आम की किस्में अल्फांसो, रसपुरी, सिंधुरी, सफेदा, केसर और अन्य आम सीधे खेतों से लाकर दरवाजे तक पहुंचाने की घोषणा की है। अमेजन केवल ताजे फलों तक सीमित नहीं है। अमेजन नाउ पर 'आम-एज़िंग' स्टोरफ्रंट अब इस मौसम के पूरे स्वाद को एक साथ पेश कर रहा है। वह भी 70 फीसदी तक की छूट पर, जो लोग बेहतरीन फसल की तलाश में हैं।

### कर सलाहकारों एवं व्यापारियों के संगठन ने वित्तमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# जीएसटी मामलों में अनिवार्य वर्चुअल सुनवाई के फैसले का किया विरोध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2026 से जीएसटी मामलों में अनिवार्य वर्चुअल (ऑनलाइन) सुनवाई के फैसले का व्यापारियों और टैक्स विशेषज्ञों ने विरोध शुरू कर दिया है।

इस संदर्भ में विभिन्न व्यापारिक संगठनों और कर सलाहकारों ने उपमुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय को वापस लेने या स्वैच्छिक बनाने की मांग की है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर विभाग ने 28 फरवरी 2026 को एसओपी जारी की थी,



फाइल फोटो

जिसके अनुसार 1 अप्रैल 2026 से धारा 73, 74, 74ए और अपीलीय मामलों में सुनवाई केवल वर्चुअल माध्यम से ही होगी, लेकिन व्यापारियों और कर सलाहकारों का कहना है कि पूर्णतः डिजिटल सिस्टम छोटे व्यापारियों और उन लोगों के लिए मुश्किल पैदा करेगा जो तकनीक के साथ सहज नहीं हैं। उन्होंने कहाकि आमने-सामने सुनवाई के बिना जटिल मामलों में दस्तावेजों की सही तरीके से व्याख्या करना कठिन होगा। संगठन के मध्य प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष राजेश्वर दयाल ने वाणिज्यिक कर मंत्री देवड़ा को बताया कि व्यक्तिगत सुनवाई का मौका ना देना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है । क्योंकि कर के मामले से जुड़े प्रकरणों में ऑनलाइन दस्तावेज प्रस्तुत करना एवं उन्हें अधिकारी को समझाना इतना सरल नहीं है। देश के सर्वोच्च न्यायालय प्रदेश के उच्च न्यायालय तथा केंद्रीय जीएसटी विभाग में भी वर्चुअल एवं व्यक्तिगत दोनों प्रकार से सुनवाई के मौके करदाताओं को दिए जाते है।

## हिंदुस्तान जिंक को 5,033 करोड़ का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 चांदी उत्पादकों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने दक्षता-आधारित वृद्धि, मजबूत परिचालन निष्पादन और निरंतर लागत अनुशासन के आधार पर रिकॉर्ड वार्षिक प्रदर्शन दर्ज किया।

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में हिंदुस्तान जिंक ने अब तक का सबसे अधिक 40,844 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी ज्यादा रहा। कंपनी का एबिटडा भी 22162 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, जिसमें 27 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी हुई।

### निजी महाविद्यालयों की दो टूक

# विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर अब विश्वास नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि की कार्यप्रणाली से संबद्ध महाविद्यालय परेशान हो गए हैं। नियमित कार्यों में हो रही लेटलतीफी और गलतियों को लेकर उनका गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। दुर्गा महाविद्यालय में निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने दो टूक में कहा कि विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर अब विश्वास नहीं है। यह बैठक अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ द्वारा बुलाई गई थी। 25 से अधिक कालेजों के प्राचार्यो ने हिस्सा लिया। अकादमिक कैलेंडर के परिपालन में हर साल होने वाले विलंब को देखते हुए 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित होते ही शासकीय विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने शासन से मांग करने का निर्णय लिया।

#### पूर्व में बनाई जाती थी कमेटी

निजी महाविद्यालय के शासी निकाय में अनिवार्य रूप से निजी महाविद्यालय के नियमित प्राचार्यो व वरिष्ठ प्राधायपकों को सम्मलित करने की मांग भी उनके द्वारा की गई। प्राचार्यों की मांग है कि महाविद्यालयीन परीक्षा में पारिश्रमिक बढ़ाया जाए। दो वर्ष पूर्व तक परीक्षा के समय सारणी जारी करने के पूर्व महाविद्यालय व विश्विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों की एक कमेटी बनाई जाती थी, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

### रिलायंस के साथ 'टाइम 100 नेक्स्ट' की शुरुआत

## नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में दिसंबर 2026 में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

वैश्विक मीडिया ब्रांड टाइम ने भारत में पहली बार टाइम 100 नेक्स्ट इंडिया लांच करने का ऐलान किया है, जो रिलायंस के साथ साझेदारी में आयोजित किया जाएगा। इस पहल के तहत भारत और भारतीय मूल के 100 उभरते लीडर्स को चुना जाएगा। जो देश के भविष्य को दिशा दे रहे हैं। इसकी घोषणा न्यूयॉर्क में आयोजित टाइम100 गाला के दौरानटाइमकी सीईओ जेसिका सिबली और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता मुकेश अंबानी ने की। 'टाइम100 नेक्स्ट इंडिया ' सूची टाइम के संपादकों द्वारा तैयार की जाएगी और इसमें कला, विज्ञान, व्यवसाय, खेल और सामाजिक क्षेत्रों के उभरते प्रतिभाओं को शामिल किया जाएगा। यह सूची ऑनलाइन जारी की जाएगी और दिसंबर 2026 में



मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में एक खास गाला के साथ इसे सेलिब्रेट किया जाएगा। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी ने कहाकि टाइम के साथ यह साझेदारी हमारे लिए खास है, क्योंकि इसके जरिए हम पहली बार टाइम100 नेक्स्टट इंडिया को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में ला रहे हैं। हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि दुनिया की बेहतरीन चीजें भारत आएं और भारत की बेहतरीन प्रतिभा दुनिया तक पहुंचे।

## 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' वेब सीरीज पर केंद्र की रोक

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जीवन और उससे जुड़े घटनाक्रमों पर आधारित वेब सीरीज 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। इसको लेकर पंजाब पुलिस ने केंद्र को पत्र लिख राज्य का माहौल खराब होने का हवाला देकर रोक की मांग की थी। दूसरी तरफ लॉरेंस के परिवार ने भी इस सीरीज का विरोध किया था। लॉरेंस बिश्नोई के परिवार ने इस सीरीज के कंटेंट, इसके निर्माण की प्रक्रिया और रिलीज होने के समय पर सवाल खड़े किए थे। वेब सीरीज बनाने के लिए न तो परिवार से परमिशन ली गई है और न ही सरकार से।

लॉरेंस के चाचा रमेश का कहना है कि फिल्म के प्रोड्यूसर पर इस मामले में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बता दें कि लॉरेंस गैंग ने साल 2022 में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या, फिर 2023 में करणी सेना के नेता सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के मर्डर, एनसीपी विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ले चुका है। डॉक्यू सीरीज को बैन किए जाने की मांग पर इसके डायरेक्टर राघव दर का भी रिएक्शन आया है। बॉम्बे टाइम्स संग बातचीत में उन्होंने कहा- लॉरेंस ऑफ पंजाब को हमेशा सिर्फ एक क्राइम स्टोरी से कहीं ज्यादा समझा गया था। इस सीरीज के जरिए हमारा मकसद बस यही बताना था कि क्यों लोग खुद की ऐसी पहचान बनाते हैं।

## मिलावटी चाय : 30 टन नकली पाउडर जब्त, 10 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हैदराबाद फूड एडाल्टरेशन सर्विलांस टीम (एच-फास्ट) ने शुक्रवार को 15 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर करीब 3000 किलोग्राम मिलावटी चायपत्ति जब्त किया। इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। एच-फास्ट के प्रभारी डीसीपी गायकवाड़ वैभव रघुनाथ ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि शहर के कई गोदामों में बड़े पैमाने पर चायपत्ति में मिलावट की जा रही है। पुख्ता जानकारी जुटाने के बाद इन ठिकानों पर छापे मारे गए। छापेमारी के दौरान जो खुलासा हुआ, वह चौंकाने वाला था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों द्वारा असम और अन्य राज्यों से लाया गया एक्सपायर्ड और इस्तेमाल की हुई चायपत्ति बड़े पैमाने पर मिलावट के लिए इस्तेमाल की जा रही थी। जांच में सामने आया कि आरोपी चाय की गुणवत्ता और रंग बढ़ाने के लिए सिंथेटिक फूड कलर (जैसे सनसेट येलो और टार्ट्राजीन), गुड़ का घोल और खराब हो चुकी चायपत्ति मिलाते थे। इसके बाद इस मिलावटी चायपत्ति को अलग-अलग ब्रांड नामों से पैक कर बाजार में असली उत्पाद बताकर बेचा जाता था।

## टाटा मोटर्स ने लांच की अज़ुरा सीरीज के ट्रकों की रेंज



**इंदौर।** टाटा मोटर्स ने 7 से 55 टन की क्षमता वाले 17 नए अगली पीढ़ी के ट्रक लांच किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से 'अज़ुरा' सीरीज़ शामिल है। ये ट्रक 3.6-लीटर डीजल इंजन, 18.5 टन जीवीडब्ल्यू और 12.5 टन तक की पेलोड क्षमता के साथ आते हैं। अज़ुरा सीरीज (जैसे अज़ुरा 1918) उन्नत सुरक्षा, बेहतर माइलेज और आरामदायक केबिन से लैस है। लॉन्च समारोह के दौरान टाटा मोटर्स लिमिटेड के ट्रक बिजनेस हेड और वाइस प्रेसिडेंट राजेश कौल ने टाटा मोटर्स की वरिष्ठ टीम के साथ मिलकर राजिंदर त्रेहन, राजदीप परिहार, और एसआरडब्ल्यू - हेमंत लड्डा जैसे प्रमुख ग्राहकों को गाड़ियों की चाबियां सौंपीं।

### सीआईआई और डीजीटीएस ने सीमा शुल्क सुधारों को बढ़ावा दिया

# व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एईओ और शुल्क स्थगन का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है: वैभव वोहरा

*सत्र में आयातकों निर्यातकों और व्यापार पेशेवरों ने भाग लिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


वेबिनार

भारतीय उद्योग परिसंघ (पश्चिमी क्षेत्र) ने करदाता सेवा महानिदेशालय के सहयोग से शुक्रवार को एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें व्यापार को सुगम बनाने और अनुपालन में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रमुख सीमा शुल्क सुगमता उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चर्चा का केंद्र बिंदु शुल्क स्थगन सुविधा थी, जो आयातकों के कार्यशील पूंजी संबंधी दबाव को कम करने में सहायक है, और अधिकृत आर्थिक संचालक (एईओ) योजना थी, जो अनुपालन करने वाले व्यवसायों के लिए त्वरित मंजूरी और कम निरीक्षण आवश्यकताओं की सुविधा प्रदान करती है। सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश उपसमिति के अध्यक्ष और कॉन्टिनेंटल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड एमडी वैभव वोहरा ने कहा कि भारत की व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता तेजी से इस बात पर निर्भर करेगी कि उद्योग एईओ और शुल्क स्थगन जैसी सुविधा उपायों का कितनी प्रभावी ढंग से लाभ उठाता है। व्यापक रूप से अपनाने से दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है और लेनदेन लागत में कमी आ सकती है। मुंबई स्थित एमजेडयू विश्वविद्यालय के डीजीटीएस के प्रधान एडीजी सुमित कुमार ने कहाकि हमारा ध्यान प्रक्रियाओं को सरल और अधिक पूर्वानुमानित बनाने पर है। इन सुधारों से जमीनी स्तर पर ठोस लाभ सुनिश्चित करने के लिए उद्योग के साथ निरंतर संपर्क और संवाद आवश्यक है। सत्र में आयातकों, निर्यातकों और व्यापार पेशेवरों ने भाग लिया, और कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों और उपलब्ध योजनाओं के बारे में अधिक जागरूकता की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

### कम आवक और तेल मिलों की मांग के कारण सोयाबीन की कीमतों में उछाल

# मंडी में 6 हजार रुपए क्विंटल के पार हुआ सोयाबीन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वैश्विक भू-राजनीतिक संकट और तेल की कीमतों में अस्थिरता का सीधा असर भारतीय सोयाबीन बाजार पर पड़ा है, जिससे लंबे समय से समर्थन मूल्य से नीचे बिकने वाले सोयाबीन के भावों में तेजी देखने को मिल रही है। अप्रैल माह में सोयाबीन की कीमतों में लगभग 12 फीसदी की मजबूती आई है, जिसके पीछे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान मुख्य कारण है।

अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में सोयाबीन की कीमतों में मजबूती देखी गई है और भोपाल सहित प्रदेश की कई प्रमुख मंडियों में सोयाबीन के दाम 6,000 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर को पार कर गए हैं। बाजार के जानकार और अनाज कारोबारी संजीव जैन के मुताबिक सोयाबीन की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है, लेकिन 6,000 का स्तर पार करने से किसानों को राहत मिली है।

प्रमुख मंडियों में कम आवक और तेल मिलों की मांग के कारण कीमतों में उछाल आया है। जानकार बताते हैं कि ईरान-अमेरिका और अन्य क्षेत्रीय संघर्षों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सप्लाई चेन बाधित हुई है, जिससे खाद्य तेल और कृषि उत्पादों की ढुलाई महंगी हो गई है।, भोपाल मंडी और आसपास के क्षेत्रों में सोयाबीन के भाव में मजबूती देखने को मिली है और यह 6,000 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर के आसपास या उससे ऊपर पहुंच गया है। सोयाबीन की पेराई मार्जिन मजबूत होने से प्रोसेसर अधिक उत्पादन कर रहे हैं, जिससे सोयाबीन की मांग और बढ़ी है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के चलते अमेरिकी किसानों ने सोयाबीन की बुवाई कम की, जिससे भी वैश्विक बाजार में आपूर्ति तंग होने की आशंका है महाराष्ट्र के केंद्रो में सोयाबीन के भाव काफी तेज है।

## बिजनेस न्यूज

### कीटनाशक उत्पादों पर 18 फीसदी दर को घटाकर 5 फीसदी करने की पुरजोर सिफारिश

**मुंबई।** ईवाय और होम इन्सेक्ट कंट्रोल एसोसिएशन की एक संयुक्त रिपोर्ट ने घरेलू कीटनाशक उत्पादों पर जीएसटी की वर्तमान 18 फीसदी दर को घटाकर 5 फीसदी करने की पुरजोर सिफारिश की है। इस रिपोर्ट के अनुसार मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने और ग्रामीण दूर-दराज के इलाकों तक इन उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है। होम इन्सेक्ट कंट्रोल एसो. के सचिव और निदेशक, जयंत देशपांडे ने जीएसटी राहत की तत्काल जरूरत पर ज़ोर देते कहाकि उच्च जीएसटी दरों के कारण, ये उत्पाद ग्रामीण इलाकों में कम किफायती हैं, जहाँ पैठ केवल 64-73फीसदी है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 92-99 फीसदी है। कम गुणवत्ता वाले और अनियंत्रित कीटनाशकों के इस्तेमाल को कम करने के लिए ब्रांडेड और सुरक्षित कीटनाशकों को सस्ता करना जरूरी है।

### इस्पा की संगोष्ठी में शीर्ष नेताओं ने दिया विकास एवं सैन्य एकीकरण पर जोर

**नई दिल्ली ।** इंडियन स्पेस एसोसिएशन (इस्पा ) की संगोष्ठी में शीर्ष रक्षा और अंतरिक्ष विशेषज्ञों ने देश के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए त्वरित क्रियान्वयन, आत्मनिर्भरता और गहन नागरिक-सैन्य एकीकरण पर जोर दिया। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, विशेषज्ञों ने संप्रभु अंतरिक्ष क्षमताओं को विकसित करने और अंतरिक्ष युद्ध के लिए रक्षा और निजी उद्योगों के बीच तालमेल को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। उद्घाटन सत्र को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने वर्चुअल तौर पर संबोधित किया। कार्यक्रम में एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) एवं पूर्व चीफ ऑफ एयर स्टाफ आरकेएस भदौरिया, रक्षा एवं आरएंडडी विभाग के सचिव और चेयरमैन डीआरडीओ डाक्टर समीर वी. कामत, डिप्टी चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ऑपरेशंस), मुख्यालय आईडीएस लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए. मीनवाला और इंडियन स्पेस एसोसिएशन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट सहित अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

### अमेजन ने जारी की शॉपिंग एक्सपीरिएंस रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अमेजन ने अपनी पहली 'ट्रस्टवर्दी शॉपिंग एक्सपीरिएंस' रिपोर्ट जारी की है, जिसमें फर्जी रिव्यू, नकली उत्पादों और स्कैमर्स के खिलाफ की गई कार्रवाइयों के चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। यह रिपोर्ट ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण देती है, जो मुख्य रूप से एआई और मशीन लर्निंग पर आधारित हैं। इस रिपोर्ट से अमेजन के सिस्टम, टेक्नोलॉजी, साझेदारियों और अपने स्टोर को सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाए रखने के लिए इसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी मिलती है। रोहन ऊमैन, वाईस प्रेसिडेंट, वर्ल्डवाइड कस्टमर एवं पार्टनर ट्रस्ट ने कहाकि हमारा उद्देश्य ग्राहकों, ब्रांड्स और सैलर्स के लिए अपने स्टोर को सुरक्षित बनाना है। हम यह भी जानते हैं कि ग्राहकों की सुरक्षा के लिए बनाई गई नीतियाँ कभी-कभी उन सैलर्स के लिए बाधक हो जाती हैं, जो अपना व्यवसाय बढ़ाना चाहते हैं।

### उद्यमिता को बढ़ावा देने मेघालय में 'प्राइम इग्नाइट 2026' का आयोजन

**नई दिल्ली।** मजबूत और आत्मनिर्भर उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए प्राइम (प्रमोशन एंड इन्क्यूबेशन ऑफ मार्केट-ड्रिवन एंटरप्राइजेज) मेघालय ने 'प्राइम इग्नाइट 2026' का आयोजन किया। लोक भवन, शिलांग के दरबार हॉल में हुए इस कार्यक्रम में राज्य के उद्यमी और अधिकारी एक साथ आए। यहां उनकी रचनात्मक सोच को सामने लाया गया और उद्यमियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी सुविधाओं की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण 'प्राइम वार्षिक पुस्तिका' का विमोचन रहा। इसके साथ ही इसमें योगदान देने वालों और संपादकीय टीम को सम्मानित किया गया। इस पुस्तिका में पिछले एक साल में प्राइम के तहत हुए काम, साझेदारियां और उसके प्रभाव को सरल तरीके से बताया गया है। डॉ. माजेल अम्पारेन लिंगदोह, सलाहकार, मेघालय सरकार (योजना, निवेश प्रोत्साहन और सतत विकास) ने कहा कि राज्य उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहाकि हम नवाचार को किस्मत नहीं मानते। 'इग्नाइट' का मतलब है कि विचार लोगों से आते हैं, सरकार उनका साथ देती है और यह सुनिश्चित करती है कि शुरुआत से लेकर बाजार तक उन्हें पूरा समर्थन मिले। उन्होंने बताया कि सीएम एलीवेट के तहत 2,847 उद्यमियों को जोड़ा गया है, 885 से ज्यादा इकाइयों को वित्तीय सहायता दी गई है और 1,350 प्राइम स्टार्टअप्स का पंजीकरण हुआ है।

### फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन ने महिलाओं के उद्यमों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया

**नई दिल्ली ।** वित्तीय वर्ष 2026–27 के दौरान फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन जो फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला उद्यमियों की शाखा है ने उन पहलों को प्राथमिकता देगा जो सहायक वातावरण बनाती हैं, प्रमुख उद्योगों को मजबूत करती हैं और महिला उद्यमियों को स्थायी रूप से अपने उद्यमों को बड़े पैमाने पर ले जाने में सहायता करती हैं। इसके प्रयास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल साक्षरता, एमएसएमई, वित्तीय समावेशन और नीतिगत वकालत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों तक फैले होंगे। फिक्की फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहाकि सशक्तिकरण केवल पहुंच के बारे में नहीं है यह अनुभव, प्रेरणा और परिवर्तन के बारे में है। यह एक ऐसा मंच है जहां उद्यमियों को दिशा मिलती है, नेताओं को उद्देश्य मिलता है और महिलाओं को अपनी आवाज मिलती है। सुश्री पूजा गर्ग ने कहा कि फ्लो केवल गतिविधियों पर आधारित जुड़ाव से हटकर, मापने योग्य और परिणामों पर आधारित प्रभाव की ओर बढ़ रहा है।

**मां बगलामुखी प्राकट्योत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ सम्पन्न, सहस्त्रार्चन व महाआरती में उमड़ा जनसैलाब**

# पीतांबरा मां करती हैं भक्तों का कल्याण, शत्रुओं का स्तंभन : ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में भगवती पीतांबरा मां बगलामुखी का प्राकट्योत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। यह पावन आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य पीठाधीश्वर महाराज के निजी सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।





### सहस्त्र नामों से हुआ पूजन, भव्य महाआरती ने बांधा समां

प्राकट्योत्सव के अवसर पर मां बगलामुखी का सहस्त्र नामों से पूजन-अर्चन किया गया। आम्रफल, लड्डू एवं द्राक्षा (किशमिश) अर्पित कर विधि-विधान से सहस्त्रार्चन संपन्न हुआ। इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर मां के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। दीपों की ज्योति और भक्ति रस से सराबोर वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की।

### प्राकट्य की कथा सुन भक्तों को दिया आध्यात्मिक संदेश

ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द महाराज ने अपने प्रवचन में मां बगलामुखी के प्राकट्य की पौराणिक कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सतयुग में जब एक भयंकर तूफान से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी, तब भगवान विष्णु ने सौराष्ट्र स्थित हरिद्रा सरोवर के तट पर कठोर तपस्या की। उनकी साधना से प्रसन्न होकर भगवती बगलामुखी उस सरोवर से प्रकट हुईं और अपने दिव्य प्रभाव से उस विनाशकारी तूफान का स्तंभन कर जगत की रक्षा की। इस प्रकार मां बगलामुखी को 'स्तंभन शक्ति' की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है।

### 'ब्रह्मास्त्र' स्वरूप मां देती हैं रक्षा और विजय का आशीर्वाद

महाराज ने बताया कि मां बगलामुखी महाविद्या, भगवान विष्णु के तेज से युक्त होने के कारण वैष्णवी स्वरूप हैं। उन्हें 'ब्रह्मास्त्र' के रूप में भी जाना जाता है, जो साधकों और भक्तों के समस्त संकटों का निवारण कर उन्हें शत्रुओं पर विजय दिलाती हैं। मंगलयुक्त चतुर्दशी की अर्धरात्रि में उनके प्राकट्य का विशेष महत्व बताया गया है, जो साधना और उपासना के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।

### भक्तों की उपस्थिति से सजी आस्था की महफिल

इस अवसर पर भारत सिंह यादव, मधु यादव, संदीप जैन, सच्चिदानंद शेकटकर, बी.के. पटेल, श्याम चौदहा, सुधांशु गुप्ता, आलोक तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, गौरव चौबे, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, शुभम चौरसिया, अभिषेक उपाध्याय मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## एमपी-पीजीसीएल के नारी शक्ति वंदन समारोह में महिला कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा शक्ति भवन स्थित मंडल कक्ष में "नारी शक्ति वंदन समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना और उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। इसमें 100 से अधिक महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ. रीना जैन ने कार्यरत महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तनाव से पहले उसके कारणों को समझना जरूरी है। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीना श्रीवास्तव ने महिला स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए छोटी लापरवाहियों से बचने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। मनीषा लुम्बा ने तनाव प्रबंधन पर विचार साझा करते हुए योग और ध्यान को दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर दिया।इस अवसर पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने महिला कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें कंपनी की सशक्त नींव बताया। कार्यपालक निदेशक दीपक कश्यप ने भी महिला कार्मिकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें कंपनी की अमूल्य धरोहर कहा। कार्यक्रम में डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कमर्शियल मिलिंद भांदक्कर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम सभा में पार्षद मुकीमा अंसारी ने उठाए सफाई व महिला आरक्षण के मुद्दे

**जबलपुर।** नगर निगम की दो दिवसीय साधारण सभा में डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड की पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने शहर एवं वार्ड से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर चिंता जताते हुए ठेकेदार का समय बढ़ाने और बर्फानी कंपनी को नाइट स्वीपिंग का कार्य दिए जाने का विरोध किया। उनका कहना था कि पिछले एक वर्ष से पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई है और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण भी बाधित है, जिससे आमजन परेशान हैं और महामारी की आशंका बढ़ रही है। महिला आरक्षण के विषय में उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने जनगणना और परिसीमन के बाद समान भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा पार्षद अंसारी ने शहर के विभिन्न चौराहों और सड़कों के नामकरण एवं विकास के सुझाव भी दिए। उन्होंने चारखंबा चौक, गोहलपुर थाना चौक और बहोराबाग चौराहे के नामकरण व विस्तार की मांग करते हुए स्थानीय ऐतिहासिक एवं सामाजिक व्यक्तित्वों के नाम पर इन्हें विकसित करने का प्रस्ताव रखा।

## जबलपुर में करियर मार्गदर्शन समिति का गठन विद्यार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क काउंसलिंग

**जबलपुर।** सत्र 2026-27 में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु जबलपुर संभाग में "संभाग स्तरीय करियर मार्गदर्शन समिति" का गठन किया गया है। इस पहल के तहत "निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय चयन एवं करियर काउंसलिंग" की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त संचालक डॉ. पंजाबराव चंदेलकर ने किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से विषय चयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शासकीय योजनाओं एवं प्रवेश संबंधी सभी जिज्ञासाओं का समाधान मिलेगा। संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि समिति में 74 प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर शामिल हैं, जो प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक मोबाइल एवं ई-मेल के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे।



ऑफलाइन काउंसलिंग हेतु विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय कार्यालय (शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर) में उपस्थित होकर भी अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. रविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. उमा भारती धुर्वे, डॉ. तरुणेद्र साकेत, डॉ. उर्मिला शर्मा, डॉ. मधु अवस्थी, डॉ. संघा सिंह, डॉ. प्रज्ञा रामगिरि सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

**राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा 2026 कल**

## जूते-मोजे पहनकर प्रवेश रहेगा वर्जित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए प्रशासन ने सख्त गाइडलाइन जारी की है। रविवार 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षार्थियों को विशेष नियमों का पालन करना होगा। परीक्षा के दौरान सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए इस बार परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश करना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा, परीक्षार्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही केंद्र पर आ सकेंगे। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ-साथ बेल्ट, पर्स, टोपी, धूप का चश्मा और बालों के क्लचर जैसी एक्सेसरीज ले जाना भी वर्जित किया गया है। स्टेशनरी के तौर पर पेंसिल, रबर और व्हाइटनर का उपयोग भी वर्जित रहेगा; परीक्षार्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र और गोले बनाने के लिए निर्धारित पेन, स्वयं का फोटोग्राफ, पानी की पारदर्शी बॉटल, दिव्यांग परीक्षार्थियों को उनके लिए आवश्यक सामग्री ही साथ ला सकेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश से पहले उनकी सघन तलाशी ली जाएगी।



## निर्माण व मरम्मत कार्यों की संभागीय समीक्षा में समय-सीमा व गुणवत्ता पर दिया जोर

**जबलपुर।** समग्र शिक्षा अभियान, पीएम श्री एवं राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक 24 अप्रैल को जबलपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर संचालक मनीष वर्मा (लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल) ने की। बैठक में संभाग के सभी जिलों के निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान स्टेट प्रोग्रामर सुमनकांत जैन, सहायक संचालक अभिजीत पांडेय एवं हिमांशु शर्मा ने तकनीकी मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। संबंधित अधिकारियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यों की वर्तमान स्थिति, व्यय एवं भौतिक सत्यापन की जानकारी दी गई। बैठक में सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता बनाए रखने एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त संचालक अरुण इंगले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित संभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व अपर संचालक मनीष वर्मा ने पाटन विकासखंड के पीएम श्री विद्यालयों—शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुनसर एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन का निरीक्षण किया। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए, साथ ही अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।



**जनगणना 2027**

## अनुभवी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में हो रहा है प्रशिक्षण

**जबलपुर।** नगर निगम के 16 संभागों के लिए जनगणना कार्य हेतु 860 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 अप्रैल 2026 से सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। यह प्रशिक्षण आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) मढ़ोताल के 20 विभिन्न कक्षों में आयोजित किया जा रहा है, जहाँ सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में इस पूरे कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

जनगणना कार्य की बारीकियों को सिखाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स और सहायक प्राध्यापकों की टीम तैनात की गई है। इसमें प्रो. चंद्रशेखर राजहंस, मनोज नथानी और जनगणना निदेशालय से आए विशेषज्ञ शामिल हैं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर जनगणना अधिकारी मनोज श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। कार्य की महत्ता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सख्त है। प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर तुरंत संज्ञान लिया गया है ताकि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में कोई बाधा न आए और कार्य पूरी गंभीरता से संपन्न हो। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जिसके बाद प्रशिक्षित टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गणना कार्य के लिए पूरी तरह तैयार होगी।

**नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच**

## पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाईप लाईनें नालियों से गुजरने की जांच अधर में

**जबलपुर।** नोडल एजेन्सी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने केवल पत्र लिखकर चुप्पी साधी दूषित पेयजल सप्लाय पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा गठित समिति ने एक माह बीतने के बावजूद भी जाँच तक शुरू नहीं की है। समय रहते नहीं संभले तो दूषित पानी की सप्लाय कहर बरपा सकती है। इससे चिंतित होकर उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से चर्चा की।

**एन.जी.टी. द्वारा गठित समिति ने एक माह बीतने पर भी जाँच नहीं की**

उल्लेखनीय है कि पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाईप लाइनें नालियों से गुजर रही हैं, यह पाईप लाईनें 40-50 वर्ष पुरानी हैं, जो क्षतिग्रस्त तथा क्षीण हो गयी हैं, इस कारण दूषित जल पीने के पानी में मिल रहा है। परिणाम स्वरूप दुर्गंध वाला गंदला पानी सप्लाय हो रहा है। इस बाबद् डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव द्वारा दायर याचिका पर एन.जी.टी. ने 16 मार्च को समिति गठित कर निर्देश दिया था कि स्थल दौरा कर एक माह के भीतर रिपोर्ट पेश करें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेन्सी बनाकर कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम को समिति सदस्य बनाया गया। मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को तय की गई थी।

लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस एक माह के भीतर केवल एक पत्र लिखा। कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम ने इस समिति हेतु प्रतिनिधि अभी तक नामांकित नहीं किये, ऐसे में समिति का कार्य शुरू तक नहीं हुआ है।चर्चा में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी के.पी. सोनी तथा वैज्ञानिक अंजना इक्का शामिल थीं। मंच के प्रतिनिधि मंडल में एड. वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा तथा एड. ब्रजेश साहू भी शामिल थे।

## दिशा समिति की बैठक आज

**जबलपुर।** लोकसभा सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में शनिवार 25 अप्रैल को जिला पंचायत परिसर में दिशा समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में जिले के विकास और लोक कल्याण से जुड़ी शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की जाएगी। बैठक के एजेंडे में नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों के अंतर्गत संचालित अमृत परियोजना के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं हरीश पृथ्यानी HARISH PRITHYANI पिता मुरलीधर पृथ्यानी MURLIDHAR PRITHYANI निवासी ई / 2, गिरिराज किशोर वार्ड, सुंदरबिहार ज्ञान बिहार जबलपुर म.प्र. 482001 कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. N6538668 में मेरा नाम HARISH PRATHYANI पिता MURLIDHAR PRATHYANI गलत है मेरा वास्तविक नाम HARISH PRITHYANI पिता MURLIDHAR PRITHYANI दर्ज हो गया है। अतः मुझे हरीश पृथ्यानी HARISH PRITHYANI पिता मुरलीधर पृथ्यानी MURLIDHAR PRITHYANI नाम से जाना व पहचाना जाये।

पूर्व नाम-हरीश पृथ्यानी
HARISH PRATHYANI
पिता-मुरलीधर पृथ्यानी
MURLIDHAR PRATHYANI
परिवर्तित नाम-HARISH PRITHYANI
पिता-MURLIDHAR PRITHYANI

## एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी का 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में किया जाएगा।इस शिविर में विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के बच्चों के साथ-साथ उनके आश्रित बच्चे भी भाग ले सकेंगे। शिविर में कुल 13 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें पारंपरिक खेलों के साथ-साथ शूटिंग और एरोबिक्स भी शामिल हैं।केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एफ.के. मेश्राम ने बताया कि यह शिविर नगर का सबसे बड़ा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर माना जाता है। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस (8–16 वर्ष), वॉलीबॉल (10–16 वर्ष), शरीर सौष्ठव एवं फिजिकल फिटनेस (12–16 वर्ष), स्केटिंग (8–14 वर्ष), मार्शल आर्ट ताइक्वांडो (16 वर्ष तक) तथा कुश्ती (8–16 वर्ष) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शूटिंग में 10 वर्ष से अधिक आयु के बालक-बालिका तथा एरोबिक्स में 10 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग प्रशिक्षण की भी विशेष व्यवस्था की गई है। सभी प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। शिविर में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रपत्र लेकर पाण्डुताल मैदान के निकट मशाल परिसर स्थित क्रीड़ा एवं कला परिषद कार्यालय में सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

**यश गौरव छात्र सम्मान 2026**

## मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

जबलपुर।

यश हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में "यश गौरव छात्र सम्मान 2026" समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, गर्व और उपलब्धि के माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह में पार्षद एवं समाजसेवी विमल राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प का परिणाम होती है।

कार्यक्रम संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है और उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख टॉपर्स में मैथिली दुबे (93%), नंदिनी राठौर (93.8%), महिमा मिश्रा (91.8%), शिवम पटेल (92.4%), विवेक साहू (92%), कृषा कुमार पटेल (91.6%), गजाला अंसारी (90.2%), अहद आरजू (90.2%) एवं परास अग्रवाल (90%) शामिल रहे। अन्य विद्यार्थियों में गुलनार बानो, ईशा रजक, अनुष्का विनोदिया, नूपुर छेदम, सिमरन नामदेव, आदि चौधरी, देवांश श्रीवास्तव, हर्ष दुबे, कुमकुम विश्वकर्मा, नमन पटेल, आयुष पटेल, समीर विश्वकर्मा, हेमन सिंह, छवि कोरी, अलंकृत उपाध्याय, नूरीन अंजुम, सृष्टि यादव, रागिनी अहिरवार, सौम्य विश्वकर्मा, शौहेला मंसूरी एवं कार्तिक कुशवाहा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, रिंकू शाह, प्रतीक्षा ज्योतिषी सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में प्राचार्य सोनल तिवारी ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।




उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/3487/2024
Process Id: 61471/2026
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
OMKAR YADAV S/O SHRI DUKKHI YADAV AGED ABOUT 35 YEARS OCCUPATION LABOR (DEAD) THROUGH LEGAL HEIRS, प्रत्यर्थी

सन् 2018 के MACC क्रमांक-4298 सन् 2018 में न्यायालय Member, MACT, Shri Rajesh Nandeshwar, Bhopal (M.P) की डिक्री/आदेश, दिनांक 26-01-2024 के विरूद्ध अपील।

प्रति, Jitendra Singh S/o Bhopal Singh R/o Village Dhangawan, Post Dhangawan Majholi, Jabalpur, District-Jabalpur Madhya Pradesh

प्रत्यर्थी, अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 26/03/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 26/03/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :- 1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियाँ आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 26/03/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक.... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा


उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/1577/2025
Process Id: 124192/2026
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
BHUPENDRA SINGH, प्रत्यर्थी

सन् 2019 के MACC क्रमांक-136 सन् 2019 में न्यायालय 13th Addi, Member, MACT, Shri Jaishankar Shrivastav, Jabalpur (M.P) की डिक्री/आदेश, दिनांक 18-09-2024 के विरूद्ध अपील।

प्रति, Bhupendra Singh S/o Veer Singh, Through Next Friend Veer Singh S/o Moorat Singh, R/o Bamoora Kunj,Thana Rehli, Sagar, Present Address- In House Of Gudda Chaudhary Mohalla, Katngi, Thana Katangi, District-Jabalpur, Madhya Pradesh

प्रत्यर्थी, अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 22/06/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 22/06/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :- 1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियाँ आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 22/06/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक-17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना



साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

## हॉलीवुड मसाला

# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन



**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर


**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्टूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।


### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

# प्रफुल्ल और वैभव फिर आमने-सामने, जरूरी अंक हासिल करने भिड़ेंगे राजस्थान और हैदराबाद



एजेंसी ▸▸| जयपुर

राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।।यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है।

### दोनों टीमों में बढ़त को लेकर टक्कर

रायल्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी।



### हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है रायल्स

रायल्स की टीम मध्यक्रम की बल्लेबाजी को छोड़कर लगभग हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के नाम 7 मैचों में 5 जीत हैं। उनकी बल्लेबाजी की रीढ़ युवा खिलाड़ियों पर टिकी है। यशस्वी जायसवाल ने 245 रन बनाकर स्थिरता और आक्रामकता दोनों दिखाई है। वैभव सूर्यवंशी 254 रनों के साथ टीम के शीर्ष स्कोरर हैं और उनका स्ट्राइक रेट 220 से ऊपर है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भी उपयोगी योगदान दिया है, हालांकि कप्तान रियान पराग और अनुभवी शिमरोन हेटमायर का बल्ले से प्रदर्शन अब तक उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है।


### आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे आर्चर

गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर ने 11 विकेट लेकर टीम की अगुवाई की है और वे इस मैच में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने पिछले मैच में नाबाद 43 रन और एक महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई थी और वे इस मुकाबले में भी आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे।

मैच का समय : शाम 7:30 बजे

---


## खबर संक्षेप



### शुभंकर और युवराज की धीमी शुरुआत

**शंघाई।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और युवराज संधू ने शंघाई में चल रहे वोल्वो चाइना ओपन के पहले दौर में धीमी शुरुआत की। पिछले सप्ताह भारत में खिताब जीतने वाले शुभंकर एक अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर रहे, जबकि युवराज संधू नौ ओवर 80 का कार्ड खेलकर 153वें स्थान पर खिसक गए। संधू को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में चमत्कारी प्रदर्शन करना होगा। स्पेन के अलेखांद्रो डेल रे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 अंडर 61 का स्कोर बनाकर शुरुआती बढ़त हासिल की। चीन के 18 वर्षीय यानहान झोउ नौ अंडर 62 के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### पांच बर्डी लगाकर दीक्षा संयुक्त 11वें स्थान पर



**केपटाउन।** भारत की दीक्षा डागर ने आखिरी 9 होल में 5 बर्डी लगाते हुए दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में पांच-अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन की वर्ष 2019 की चैंपियन दीक्षा पार 73 वाले रॉयल केप गोल्फ क्लब में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में भाग ले रही छह भारतीय गोल्फरों में सर्वश्रेष्ठ रहीं। प्रणवी उर्स (70) संयुक्त 20वें, जबकि हिताशी बक्शी और अवनी प्रशांत (73) संयुक्त 64वें स्थान पर रहीं। त्वेसा मलिक (74) और वाणी कपूर (75) क्रमशः संयुक्त 82वें और 92वें स्थान पर हैं, और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। जर्मनी की पेट्रीशिया शिमट ने करियर का सर्वश्रेष्ठ 10 अंडर 63 का स्कोर बनाकर दो शॉट की बढ़त हासिल की।

---

### आज दोपहर 3.30 बजे से अक्षर और श्रेयस की टीमें आमने-सामने

# लगातार जीत से गरजती पंजाब किंग्स दिल्ली कैपिटल्स के लिए कड़ी चुनौती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।



### गेंदबाजी में पंजाब की टीम संतुलित

गेंदबाजी में भी पंजाब संतुलित नजर आई है, जहां अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मार्को यानसन, विजयकुमार वैशाक और जेवियर बार्टलेट ने लगातार योगदान दिया है। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए पंजाब किंग्स इस मुकाबले में स्पष्ट रूप से प्रबल दावेदार हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स को अपनी उम्मीदें बनाए रखने के लिए कोई भी गलती करने से बचना होगा।

मैच का समयः दोपहर 3:30 बजे

### दिल्ली की बल्लेबाजी में अस्थिरता

दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी बल्लेबाजी में अस्थिरता रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने कुछ पारियों में योगदान दिया है, लेकिन पूरी टीम एक साथ प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं, जिससे मध्यक्रम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान अक्षर पटेल से भी उम्मीद की जा रही है कि वह बल्ले और रणनीति दोनों में अधिक जिम्मेदारी निभाएं। पिछले मैच में उनके कुछ निर्णयों पर भी सवाल उठे हैं, खासकर गेंदबाजी बदलावों को लेकर।

### दिल्ली का क्षेत्ररक्षण चिंता का विषय

दिल्ली का क्षेत्ररक्षण भी चिंता का विषय रहा है। टीम ने कुछ मैचों में स्टंपिंग के मौके गंवाए, रन-आउट में गलतियां कीं और आसान कैच छोड़े, जिसका उसे काफी नुकसान हुआ है। बल्लेबाजों की तुलना में गेंदबाजी इकाई अपेक्षाकृत बेहतर रही है, लेकिन शानदार लय में चल रहे पंजाब के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिए उसमें अधिक आक्रामकता की जरूरत है।

### लय में पंजाब किंग्स की टीम

पंजाब किंग्स की टीम इस समय पूरी लय में नजर आ रही है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर, सात विकेट पर 254 रन, बनाया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 211 रन बनाकर शानदार फॉर्म दिखाया है और तेज शुरुआत दी है। कप्तान श्रेयस अय्यर भी 208 रन के साथ बेहतरीन लय में हैं। इसके अलावा प्रियांश आर्य और कूपर कोनोली ने भी क्रमशः 211 और 223 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी को गहराई और आक्रामकता दी है। प्रियांश अपने घरेलू मैदान में एक और दमदार पारी खेलना चाहेंगे।

---

# धुरंधर ऑलराउंडर सूजी बेट्स ने किया संन्यास का ऐलान

**बेट्स के नाम महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 4717 रन**



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर सूजी बेट्स 2026 टी20 वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगी। सूजी बेट्स ने हाल ही में इंजरी से वापसी की है और वह इंग्लैंड की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने को तैयार है। अभी न्यूजीलैंड महिला टीम का ऐलान इस टूर्नामेंट के लिए नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड अभी टी20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन टीम है।


### मेरा अंतिम लक्ष्य, एक और विश्व कप जीतना : सूजी

बेट्स ने संन्यास का फैसला लेते हुए कहा, जब मैं बीते 20 सालों को देखती हूं तो मुझे विश्वास ही नहीं होता कि समय कितना जल्दी बीत गया। मुझे बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार न्यूजीलैंड की जर्सी पहनी है और इस टीम के लिए एक बेहतर इंसान, साथी खिलाड़ी, क्रिकेटर और एथलीट बनने के लिए हर दिन प्रयास करने में मुझे अपार उद्देश्य और आनंद मिला है। मेरा एक अंतिम लक्ष्य है, ब्रिटेन जाना, एक ऐसी जगह जहां मेरी कई खास यादें बसी हैं और एक और विश्व कप जीतना। मैं इस अंतिम लक्ष्य के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा दूंगी, हर मिनट इस टीम को उस तरह की क्रिकेट खेलने में मदद करने के लिए समर्पित करूंगी, जिस पर हम और हमारा देश गर्व कर सके।

---

# सचिन ने सैकड़ों फैंस के बीच काटा केक

एजेंसी ▸▸| मुंबई



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपना 53वां जन्मदिन मनाया। सचिन को उनके जन्मदिन पर न सिर्फ क्रिकेट बल्कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग भी बधाई दी। फैंस के दिल में राज करने वाले सचिन ने अपने जन्मदिन का केक फैंस के बीच काटा। सचिन ने अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ सैकड़ों फैंस के सामने केक काटा और फैंस की बधाइयों के लिए उनका शुक्रिया किया। इस अवसर पर उनके फैन के रूप में पहचान बनाने वाले सुधीर भी मौजूद थे। वह झंडा लहरा रहे थे और केक कटने के समय शंख बजा रहे थे। सचिन तेंदुलकर को उनके जन्मदिन पर उनके साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक पाजी। आपके साथ मैदान साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात थी, लेकिन आपसे सीखना उससे भी बड़ी बात थी। आपका अनुशासन, विनम्रता और प्यार हम सभी के लिए एक मिसाल है। उन यादों और उस प्रेरणा के लिए धन्यवाद, जो आप आज भी हमारे लिए बने हुए हैं। ढेर सारा प्यार।



# सीडीआई हेगन में अनुष ने जीता रजत पदक



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने जर्मनी के हागेन में आयोजित प्रतिष्ठित सीडीआई हागेन ड्रेसाज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। उन्होंने अपनी अनुभवी घोड़ी फ्लोरियाना के साथ 70.94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अग्रवाला और फ्लोरियाना ने एक बेहद संतुलित, सधी हुई और प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने तकनीकी सटीकता, तालमेल और कलात्मक प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय जजों को प्रभावित किया। अनुष अग्रवाला ने अपनी उपलब्धि पर कहा, सीडीआई हागेन का यह परिणाम फ्लोरियाना के साथ मेरी बेहतरीन साझेदारी का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि हमने अपने अभ्यास के अनुसार प्रदर्शन किया।

---

### प्रतियोगिता बिश्केक में 27 अप्रैल से 3 मई तक

# अंडर-18 आइस हॉकी टीम एशिया कप में लेगी हिस्सा



फाइल फोटो

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*गुरतेज सिंह भट्टी की कप्तानी में भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 27 अप्रैल से 3 मई तक होने वाले अंडर-18 एशिया कप में हिस्सा लेगी। इसकी घोषणा शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ की ओर से की गई।*

*इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा मेजबान किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और मकाऊ (चीन) की टीमें भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारतीय टीम में देवांश शर्मा और इफ्तिखार हुसैन को उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

*भारतीय महिला टीम ने 2025 में यूएई के अल ऐन में आयोजित आईआईएचएफ महिला एशिया कप में कांस्य पदक जीतकर इस खेल में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया था। वहीं पुरुष टीम ने 2017 में आईआईएचएफ चैलेंज कप ऑफ एशिया डिवीजन एक में रजत पदक जीता था और हाल ही में 2025 एशियाई शीतकालीन खेलों में चीन के हार्बिन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।*

### देश में खेल तेजी से बढ़ रहा आइस हॉकी

भारतीय आइस हॉकी महासंघ के महासचिव हरजिंदर सिंह ने कहा, पिछला वर्ष भारतीय आइस हॉकी के लिए महत्वपूर्ण रहा, जिसने खेल को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि अब अंडर-18 टीम के पास खुद को साबित करने का अवसर है, जो बेहद उत्साहजनक है। हरजिंदर ने कहा, इस टीम में अलग-अलग राज्यों के खिलाड़ियों का शामिल होना दर्शाता है कि देश में खेल तेजी से बढ़ रहा है और यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों के भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा।

---

### लक्ष्य को कड़े मुकाबले में करना पड़ा हार का सामना

# थॉमस कप : भारत ने कनाडा पर की शानदार जीत हासिल

एजेंसी ▸▸| होर्सेंस

लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की, जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की।

लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया।



### आयुष ने यांग को हराकर दिलाई बढ़त

एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता 20 वर्षीय आयुष ने फिर दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी ब्रायन यांग को 39 मिनट में 21-13, 21-17 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरी युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन ने टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नाइल याकुरा पर 21-7, 21-15 की शानदार जीत के साथ भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

### लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला

लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला रहा, जिसने ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल की याद दिलाई। लक्ष्य शुरुआत में नियंत्रण में दिखे, ने सटीक नेट प्ले और स्मैश से शुरुआती दौर में दबदबा बनाए रखा। हालांकि लाई को अंत में लय मिलनी शुरू हो गई। उन्होंने 14-18 के स्कोर से पिछड़ने के बाद अंतर कम किया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम जीतने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाया। पर लाई ने शटल की गति कम करके लक्ष्य की लय बिगाड़ दी। लाई फिर बढ़त बनाने में कामयाब रहे, लक्ष्य ने स्कोर एक समय 19-19 से बराबरी हासिल की। पर लाई ने तुरंत एक तेज नेट विनर लगाया और दूसरा गेम जीत लिया।

### निर्णायक गेम में लाई का नियंत्रण

निर्णायक गेम में लाई ने शुरुआत में ही नियंत्रण बनाते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और इसे बढ़ाकर 10-3 कर दिया। फिर उन्होंने स्कोर 16-8 तक पहुंचा दिया। आखिरकार उन्हें मैच जीतने के कई मौके मिले और जब लक्ष्य का शॉट कोर्ट से बाहर चला गया तो उन्होंने मैच जीत लिया। इस तरह उन्होंने बर्मिंघम में मिली हार का बदला ले लिया।

---

### पीएसए 'गोल्ड-लेवल' टूर्नामेंटः पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अभय



**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे 'ग्रासहॉपर कप' स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए 'गोल्ड लेवल' की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी। इस महीने की शुरुआत में भी अभय ने मिस्र में आयोजित एल गूना ओपन में भी एलेइनिन को हराया था। अभय के सामने अब क्वार्टरफाइनल में मिस्र के विश्व नंबर चार करीम गवाड की चुनौती होगी। उन्होंने शुरुआती दौर में स्विट्जरलैंड के डेविड बेर्नेट को 11-9, 9-11, 11-8 से हराया था।




*अनसूटेबल कॉलेजों के छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में ट्रांसफर किए बिना परीक्षा आयोजन पर गहराया विवाद, अब आगामी परीक्षाओं के लिए नर्सिंग काउंसिल हाईकोर्ट की लेगी अनुमति*

**नर्सिंग फर्जीवाड़ा**

# हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं होंगी परीक्षाएं

हरिभूमि जबलपुर।

बहुचर्चित नर्सिंग फर्जीवाड़ा मामले में मप्र हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अविनेंद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद एमपीएनआरसी की अंडरटेकिंग रिकॉर्ड पर ले ली। कोर्ट ने कहा कि कि हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर नर्सिंग कॉलेजों से जुड़ी किसी परीक्षा का आयोजन नहीं होगा। मामले की सुनवाई पुनः 28 अप्रैल को चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच में होगी। अब नर्सिंग कॉलेजों की प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए एमपी नर्सिंग काउंसिल को आवेदन पेश कर हाईकोर्ट से अनुमति लेनी होगी।



लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका में मध्य प्रदेश में 2020-21 में खुले सैकड़ों फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद हुई सीबीआई जांच में लगभग 800 नर्सिंग कॉलेजों में से करीब 600 कॉलेज अनुपयुक्त या कमियों से भरे पाए गए थे।इन संस्थानों में भवन, लैब, लाइब्रेरी, अनुभवी शिक्षक और 100 बिस्तरों वाले अस्पताल जैसी अनिवार्य सुविधाओं की भारी कमी पायी गई थी । कई कॉलेज केवल कागजों पर चल रहे थे और कई प्रिंसिपल और शिक्षक 15-15 कॉलेजों में एक साथ कार्यरत दर्शाए गए थे । मामले में याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने आवेदन पेश कर आरोप लगाया था कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले कागज़ी, अमानक कालेजों में जीएनएम कोर्स संचालित करने वाले जो 117 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाये गए थे। एमपी नर्सिंग काउंसिल उनके छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में ट्रांसफर करने के स्थान पर उन कॉलेजों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ले रहा है, जो 28 अप्रैल से प्रस्तावित है।

**भ्रामक जानकारी के कारण प्रकरण की वास्तविकता प्रभावित होने का प्रकरण**

## सद्भाव इंजीनियरिंग लिमिटेड की याचिका 50 हजार रुपये के जुर्माने के साथ निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लगी सद्भाव इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा दायर याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कंपनी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि में से 25 हजार रुपये संबंधित अधिकारी को व 25 हजार रुपये न्यायालय में जमा किए जाएंगे।

दरअसल, कंपनी ने आरोप लगाया था कि टैक्स विभाग ने बिना सुनवाई का अवसर दिए आदेश पारित कर दिए। यही नहीं सुनवाई की तारीख भी गलत निर्धारित की गई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि विभाग की ओर से विधिवत नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन कंपनी निर्धारित तिथियों पर उपस्थित नहीं हुई। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि कंपनी द्वारा संबंधित अधिकारी पर लगाए गए आरोप निराधार थे और उनके समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। कोर्ट ने साफ किया कि इस प्रकार की याचिकाएं कोर्ट का कीमती समय बर्बाद करती हैं और न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग की परिधि में आती हैं। इसी आधार पर याचिका निरस्त करते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। मामले में वर्तमान में छिंदवाड़ा में पदस्थ संयुक्त आयुक्त सुनीता वर्मा को भी पक्षकार बनाया गया था। उन्होंने बताया कि व्यवसायी को सुनवाई हेतु विधिवत सूचना पत्र जारी किए गए थे, लेकिन व्यवसायी द्वारा लगातार शासकीय नोटिसों की अवहेलना की जाती रही। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवसायी द्वारा कोर्ट के समक्ष त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की गई थी, जिससे प्रकरण की वास्तविकता प्रभावित हुई।

**पाटन थाना क्षेत्र के नुनसर गांव में सनसनी, तीन आरोपी फरार, पुलिस ने शुरू की सघन तलाश**

## शराब के विवाद में युवक की लाठी डंडों से पीटकर बेरहमी से हत्या

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले के पाटन थाना अंतर्गत ग्राम लीची चौकी नुनसर में शुक्रवार शाम को शराबखोरी के दौरान उपजे मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। 26 वर्षीय युवक मनीष चढार की गांव के ही तीन युवकों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

### शराब पीने के दौरान हुआ विवाद

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक मनीष चढार का गांव के ही अभिषेक, विवेक और कान्हा के साथ बैठकर शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने आपा खोते हुए मनीष पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से



### मौके पर पहुंचे आला-अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर, चौकी प्रभारी विपिन तिवारी तत्काल मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है, जो नशे की हालत में हिंसक हो गया।

### हत्या का मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गांव में दहशत, पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

मृतक चढार समाज से आता हैं जबकि आरोपी कुर्मी समाज के हैं। एहतियातन क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रिटायर्ड नर्स के पर्स में रखी सोने की चेन व 25 हजार चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत निवाडगंज में डिक्की से पर्स निकाल कर दुकानदार को पैसे देते समय एक सेवानिवृत्त नर्स का पर्स अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पर्स में 25 हजार रुपए नगद, सोने की एक चैन तथा अधारकार्ड, पेन कार्ड रखे हुए है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएमएस चर्च कंपाउंड निवासी 61 वर्षीय सेवानिवृत्त नर्स रोजलिन झा गत दिवस निवाडगंज स्थित स्वाभिमान ट्रेडर्स में झाडू खरीद रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति आकर उससे झाडू खरीदने के सम्बंध मे बात करने लगा, उसने उस लडके को मना किया तथा अपनी गाडी की डिक्की से पैसे निकाल कर दुकान वाले को देने लगी इसी बीच अज्ञात व्यक्ति उसका पर्स जिसमें नगद 25 हजार रूपये, सोने की 1 चेन तथा अधारकार्ड, पैन कार्ड रखे थे चोरी कर ले गया।

**वीडियो रिकार्डिंग में बयान दर्ज करने के निर्देश**

## ई-एफआइआर में छेड़छाड़ के आरोप पर हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए राज्य शासन से जवाब तलब किया है। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने यह भी निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता का बयान वीडियो कैमरे की उपस्थिति में दर्ज किया जाए। भोपाल की डा. अंजलि मिश्रा द्वारा शंकराचार्य नगर कालोनी बाग सेवनिया भोपाल के पदाधिकरियों के विरुद्ध याचिका दायर की है। आरोप लगाया गया है कि उनके द्वारा दर्ज कराई गई ई-एफआइआर में सभी आरोपितों के नाम शामिल थे, लेकिन पुलिस ने केवल चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ ही एफआइआर दर्ज की। यह भी आरोप है कि पुलिस ने ई-एफआइआर की मूल सामग्री के अनुरूप मामला दर्ज नहीं किया और आरोपों को कमजोर किया गया। दलील दी गई कि अब तक धारा 161 सीआरपीसी के तहत याचिकाकर्ता का बयान भी दर्ज नहीं किया गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को विस्तृत स्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट स्पष्ट किया कि जब भी याचिकाकर्ता का बयान दर्ज किया जाए, वह वीडियो रिकार्डिंग के साथ किया जाना चाहिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। कोर्ट ने प्रकरण में प्रतिवादी क्रमांक पांच से 14 तक को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

**पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर रुकेगी**

## हडपसर-आसनसोल वन-वे स्पेशल ट्रेन आज आएंगी

**जबलपुर।** रेलवे गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे से होकर गाड़ी संख्या 01459 हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन अपने गंतव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है-



**हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन (01 ट्रिप)-** गाड़ी संख्या 01459 हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन दिनाँक 24.04.2026 को हडपसर से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए इटारसी अगले दिन 00:45 बजे, जबलपुर 04:30 बजे, कटनी 06:15 बजे, सतना 07:50 बजे आगमन कर आसनसोल तीसरे दिन 02:00 बजे पहुँचेगी।

**कोच कम्पोजीशन-** इस गाड़ी में 8 स्लीपर, 8 सामान्य श्रेणी, 2 थर्ड एसी, 1 सेकेंड एसी कम थर्ड एसी, 02 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

**ट्रेन के हाल्ट-** रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौड कार्ड लाइन, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भबुआ रोड, सासाराम, डेहरी आन सोन, अनुग्रह रोड, गया, कोडरमा, हजारीबाग, पारसनाथ, गोमो एवं प्रधानखूंटा स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

**चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच का निर्देश**

## जज गुप्ता के दो निर्णयों को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने का आदेश वापस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने ग्वालियर खंडपीठ में पदस्थ न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता के दो विवादित निर्णयों के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट जाने का आदेश वापस ले लिया है। दरअसल, हाई कोर्ट के पूर्व प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन ने रजिस्ट्रार जनरल को दोनों आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने निर्देशित किया था। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने साफ किया है कि अब पूरे मामले पर आंतरिक प्रक्रिया के तहत प्रशासनिक समिति विचार करेगी।

उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर, 2025 को प्रशासनिक न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने ग्वालियर खंडपीठ के न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता के दो आदेशों पर आपत्ति जताई थी। संज्ञान लेकर माना था कि न्यायाधीश गुप्ता द्वारा शिवपुरी के एडीशनल जज विवेक शर्मा के खिलाफ की गईं कुछ टिप्पणियां जमानत अधिकार क्षेत्र या संविधान के तहत न्यायिक शक्ति के दायरे से बाहर प्रतीत होती हैं। न्यायाधीश श्रीधरन की पीठ ने यह भी माना था कि न्यायिक अनुशासन के तहत उन आदेशों को हाई कोर्ट स्वयं नहीं छू सकता, इसलिए मामले की न्यायिक समीक्षा केवल सुप्रीम कोर्ट ही कर सकता है। इसी आधार पर रजिस्ट्रार जनरल को विशेष अनुमति याचिका दायर करने के निर्देश दिए गए थे। कालान्तर में न्यायमूर्ति श्रीधरन के इलाहबाद ट्रांसफर होने के बाद हाई कोर्ट ने संबंधित प्रकरणों का रिकार्ड तलब किया और प्रिंसिपल रजिस्ट्रार विजिलेंस से रिपोर्ट भी मांगी। इसके बाद पूरा मामला हाई कोर्ट की प्रशासनिक समिति के समक्ष भेजा गया।

**सालीवाड़ा में रील बनाते समय बही थी 3 लड़कियां**

## 24 घंटे बाद नहर में डूबी तनु का शव मिला



**जबलपुर।** गुरुवार को बरगी के सालीवाडा ग्राम में स्थित नहर में रील बनाने के दौरान नहर के पानी के तेज बहाव में बहने वाली तीनों युवतियों की मौत हो गई है। शुक्रवार 24 अप्रैल को 24 घंटे बाद तीसरी नवयुवती 18 वर्षीय तनु पटेल का शव भी घटनास्थल से कुछ दूरी पर नहर में उतराते हुए बरामद कर लिया गया। इससे पहले गुरूवार को दो किशोरियों के शव रेस्क्यू के दौरान मिल चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

गौरतलब हो कि सालीवाडा में पटेल परिवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पांच लड़कियां आई थीं। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे सभी नहर किनारे पहुंचीं, जहां चार लड़कियां पानी में उतरकर नहा रही थीं, जबकि एक किनारे खड़े होकर मोबाइल से रील बना रही थी। इसी दौरान नहर के तेज बहाव ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्हें पानी में तेजी से बहता देख मौके पर मौजूद लड़की ने साहस दिखाते हुए एक किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन बाकी तीन लड़कियां बह गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और होमगार्ड का गोताखोर दल मौके पर पहुंचा और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद शीतल पटेल (16) और सानिया पटेल (14) के शव घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर बरामद किए गए थे, जबकि तनु पटेल की तलाश जारी थी।

### बीच रास्ते में रोककर मोबाईल लूटा

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत मिश्रा पेट्रोलपंप के सामने एक सायकिल सवार युवक को तीन बाईक सवार अज्ञात लड़कों ने बीच रास्ते में रोका और उसका मोबाइल लूटकर कटनी तरफ भाग गए। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहसाम निवासी 25 वर्षीय सचिन पटेल गत रात 10.15 बजे मनसकरा स्थित पेट्रोलपंप में काम करने के बाद अपनी सायकिल से अपने घर जा रहा था, जैसे ही वह मिश्रा पेट्रोलपंप के सामने पहुंचा तभी एक मोटर सायिकल में सवार तीन अज्ञात लड़के आए और उसकी सायकिल के सामने अपनी मोटर सायकिल खड़ी कर उसे रोक लिया और एक लडका मोटर सायकिल से उतरकर उसका मोबाईल झपटकर तुरंत मोटर सायकिल में बैठकर तीनों कटनी तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**वीडियो कॉन्फ्रेंस : संभाग के जिला कलेक्टरों को निर्देश**

## गेहूं उपार्जन की निगरानी की जाए : संभागायुक्त




**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने संभाग के सभी जिले के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि प्रचलित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समय सीमा पर सभी कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान गेहूं उपार्जन के संबंध में समीक्षा कर विभागीय दिशा निर्देश अनुरूप खरीदी केंद्रों की समुचित निगरानी एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने और भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने को कहा।

उन्होंने समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, भवन विकास निगम, सेतु निर्माण, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरना विकास निगम, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा संभाग के सभी जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

संभागायुक्त श्री सिंह ने एसीएस की बैठकों के निर्माण विभागों से संबंधित कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग के विभागीय अधिकारियों से नहरों की मरम्मत व संधारण के कार्यों की भी समीक्षा की। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 एवं जल संचय जन भागीदारी 2.0 की समीक्षा के दौरान संभाग के जिलों की स्टेट रैंकिंग पर चर्चा करते हुए सभी सहभागी विभागों के निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कार्य, गतिविधियों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए समय सीमा में पूर्ण कराने हेतु कलेक्टर्स को निर्देशित किया। वीडियो कांफ्रेंस में राजस्व एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े मामलों, जिसमें राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाईन, सीपीग्राम, सीएम तथा सीएस मॉनिट, लोक सेवा गारंटी, जीएडी, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त शिकायतों, लंबित विभागीय जांचों, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि पूर्व में निर्मित अमृत सरोवरों को राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्चुअली रूप से सम्मलित रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240